पूर्णिमा, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 114 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

17 अक्टूबर 2024 गुरुवार

आज का मौसम

29 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## बिहार के 16 गांव में जहरीली शराब से अब तक 32 मौतें



**सारण, एजेंसी।** बिहार के 16 गांवों में जहरीली शराब से अब तक एक महिला समेत 32 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार सुबह सीवान में 3 और सारण में 2 लोगों की मौत हुई। सीवान में 26 और सारण में 6 लोगों की जान जा चुकी है। सीवान में 14 अक्टूबर से मौत का सिलसिला शुरू हुआ। गौरतलब है कि बिहार में नशाबंदी काफी समय से लागू है और इस तरह के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

## कनाडा में हिंदु सांसद ने फिर चरमपंथ पर निशाना साधा



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के भारतवंशी सांसद चंद्र आर्य ने एक बार फिर खालिस्तानी चरमपंथ की खुलकर आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि कनाडा को इस खतरे की पहचान करनी चाहिए। जबकि हाल ही में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने चंद्र आर्य को धमकी दी थी। इसके बावजूद चंद्र आर्य ने कट्टरपंथ को आईना दिखाना जारी रखा है। चंद्र आर्य ने अब कहा कि पूरे कनाडा में हिंदू समुदाय चिंतित है और हालिया समय में जो हो रहा है, उसे लेकर हिंदू समुदाय ने अपनी चिंता जाहिर की है। एक हिंदू सांसद होने के नाते मैं भी इस चिंता से वाकिफ हूं। बीते हफ्ते भी मैं एक हिंदू कार्यक्रम में तभी शामिल हो सका, जब कनाडा की पुलिस ने मुझे सुरक्षा दी।

## आज शेयर बाजार की सपाट हुई शुरूआत



**मुंबई, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को शुरुआती कारोबार में तेजी आई, लेकिन जल्द ही विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से बाजार कमजोर पड़ गया है और सूचकांक गिरावट के साथ कारोबार करने लगे।बीएसई संसेक्स शुरुआती कारोबार में 280.04 अंक चढ़कर 81,781.40 अंक पर और एनएसई निफ्टी 58.2 अंक की बढ़त के साथ 25,029.50 अंक पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में दोनों सूचकांक कमजोर पड़ गए और लाल निशान पर कारोबार करते दिखे।

## लेबनान पर इजरायली हमले में 16 की मौत

**बेरूत, एजेंसी।** दक्षिणी लेबनान के नबातीह शहर में प्रशासनिक इमारतों पर इजरायली हवाई हमलों में 16 लोगों की मौत हो गई और 52 अन्य लोग घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, च्नवीनतम आंकड़ों के अनुसार नबातीह के मध्य में दो प्रशासनिक इमारतों पर इजरायली हवाई हमलों में 16 लोगों की मौत हो गई और 52 निवासी घायल हुए हैं। इससे पहले लेबनानी मीडिया ने बताया कि दक्षिणी लेबनान के नबातीह शहर के प्रमुख और नगरपालिका के कई कर्मचारी इजरायल की ओर से बड़े पैमाने पर की गयी बमबारी में मारे गए।

### पीएम मोदी की मौजूदगी में शपथ समारोह, विज समेत कई मंत्रियों को दिलाई शपथ

# नायब की बतौर सीएम दूसरी व हरियाणा में भाजपा ने शुरू की सत्ता की तीसरी पारी



**चंडीगढ/ नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा में आज मुख्यमंत्री के तौर पर नायब सिंह सैनी ने दूसरी बार शपथ ली। राज्यपाल ने उन्हें शपथ दिलाई। पंचकूला में शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा ने शक्तिप्रदर्शन भी किया। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही भाजपा शासित राज्यों के अठारह मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व अन्य सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है। नायब सिंह सैनी की शपथ के बाद मंत्री के तौर पर अनिल विज, कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर , महिपाल ढांडा, विपुल गोयल,अरविंद शर्मा,राज्यमंत्री के तौर पर, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी,आरती राव,गौरव गौतम, राजेश नागर ने मंत्रीपद की शपथ ली। हरियाणा में 5 अक्टूबर को चुनाव हुए थे जिसमें बीजेपी ने 90 में से 48 सीटें जीतीं थी वहीं कांग्रेस ने 37 सीट पर जीत दर्ज की थी। यदि कल विधायक दल की बैठक में सैनी का चुनाव किया गया था।

### भाजपा के मुख्यमंत्रियों की बैठक



आज शपथ के बाद भाजपा शासित मुख्मंत्रियों की बैठक भी होने वाली है। इसमें मोदी सभी को विकास और अन्य कामकाज के संबंध में दिशा निर्देश देंगे। वहीं हरियाणा की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि पार्टी जो भी दायित्व देगी उसे निष्ठा के साथ में निभाया जाएगा।विज ने मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी भी पेश की थी। उन्होंने शपथ से पहले कहा'जहां, जब, जो भी दायित्व मुझे पार्टी ने आज तक सौंपा है, मैंने उसको स'ची निष्ठा के साथ निभाया है।'

### उधर महाराष्ट्र मिशन पर राहुल



दूसरी तरफ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज परोक्ष तौर पर महाराष्ट्र मिशन की शुरूआत दिल्ली से की। महर्षि वाल्मिकी जयंती पर सभी पार्टियां एक तरह से दलितों की सच्ची हितैषी होने का संदेश देने में लगी हैं। आज भाजपा ने भी हरियाणा में सैनी का शपथ ग्रहण समारोह वाल्मिकी जयंती पर ही रखा। सैनी ने पंचकूला में वाल्मिकी मंदिर में पूजा की तो राहुल गांधी भी दिल्ली में वाल्मिकी मंदिर में पहुंचे। दरअसल हरियाणा में दलित वोटरों के छिटकने से और हार से सबक लेते हुए कांग्रेस अब महाराष्ट और झारखंड में संभलकर चल रही है। महाराष्ट्र में दलित आबादी करीब 14 प्रतिशत है।

### हरियाणा में सीएम, भोपाल में खनिज कॉन्क्लेव



**भोपाल।** आज से राजधानी में एमपी माइनिंग कॉन्क्लेव शुरु हो गई। इसमें माइनिंग सेक्टर के इन्वेस्टर और दूसरे राज्यों के खनिज विभाग के अधिकारी शामिल है। इस कॉन्क्लेव में देश-विदेश के कई अतिथि भी शामिल हैं। मुखयंमत्री मोहन यादव आज चंडीगढ़ में हैं वे कल इसमें भाग लेंगे। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी विकसित भारत-2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिये यह कॉन्क्लेव की जा रही है।राज्य में खनन, तेल, गैस और खनिज आधारित उद्योगों की व्यापक संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा, जो विकास की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। मप्र खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य है और देश के खनन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## असम में अप्रवासियों को नागरिकता वाला कानून वैध

### धारा 6A की वैधता बरकारार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6A की वैधता को बरकरार रखा है। आज चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की कॉन्स्टीट्यूशन बेंच ने इस पर फैसला सुनाया। बेंच में जस्टिस सूर्यकांत,एमएम सुंदरेश,जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल थे। फैसला पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित चार जजों ने सहमति जताई है। वहीं जस्टिस जेबी पारदीवाला ने असहमति जताई।

दरअसल सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6A को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम आये हैं वो भारतीय नागरिक के तौर पर खुद को रजिस्टर करा सकते है। हालांकि 25 मार्च 1971 के बाद असम आने वाले विदेशी भारतीय नागरिकता के लायक नहीं हैं। इस कानून पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- हम धारा 6A की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। हम किसी को अपने पड़ोसी चुनने की अनुमति नहीं दे सकते और यह उनके भाईचारे के सिद्धांत के खिलाफ है। हमारा सिद्धांत है जियो और जीने दो। सीजेआई ने कहा कि असम समझौता बढ़ते प्रवास के मुद्दे का राजनीतिक समाधान था। इसमें जोड़ी गई धारा 6ए कानूनी समाधान था। केंद्र इस कानून को अन्य क्षेत्रों में भी लागू कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया क्योंकि वहां असम जैसी परिस्थितियां नहीं थीं। असम में जो लोग आए उनकी संस्कृति पर असम का प्रभाव था।

### एक और ब्रिटिश विरासत से मुक्ति

## न्याय की देवी की आंख से पट्टी हटी, अब हाथ में संविधान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में अब 'लेडी ऑफ जस्टिस' यानी न्याय की देवी की जो नई मूर्ति लगाई गई है उसमें मूर्ति की आंखों पर पट्टी नहीं है। यह पट्टी अब तक कानून के अंधे होने का संकेत देती थी। अब उसके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गई है। यह मूर्ति सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नई मूर्ति को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ऑर्डर देकर बनवाया है। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि देश में कानून अंधा नहीं है और यह सजा का प्रतीक नहीं है।

दरअसल, पुरानी मूर्ति की आंख पर पट्टी ये दर्शाती थी कि कानून की नजर में सब बराबर हैं, जबकि तलवार अथॉरिटी और अन्याय को सजा देने की शक्ति का प्रतीक थी। हालांकि, मूर्ति के दाएं हाथ में तराजू बरकरार रखा गया है, क्योंकि यह समाज में संतुलन का प्रतीक है। तराजू दर्शाता है कि कोर्ट किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों के तथ्यों और तर्कों को देखते और सुनते हैं। इस मूर्ति को ब्रिटिश शासन की विरासत को पीछे छोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हाल ही में भारत सरकार ने ब्रिटिश शासन के समय से लागू इंडियन पीनल कोड कानून की जगह भारतीय न्याय संहिता लागू की है। लेडी ऑफ जस्टिस की मूर्ति में बदलाव करना भी इसी कड़ी के तहत उठाया कदम माना जा सकता है। खबर के मुताबिक, सीजेआई ने लेडी ऑफ जस्टिस का रूप बदलने की बात रखी थी। उन्होंने कहा कि मूर्ति के एक हाथ में संविधान होना चाहिए न कि तलवार, ताकि देश को यह संदेश मिले कि न्याय संविधान के अनुसार दिया जाता है।

### मुलाकात की एक अदद तस्वीर के कई मायने

# कांग्रेस में अहमद की तलाश करीब ला रही राहुल-नाथ को!



अर्थात

आशीष दुबे

करीब छह महीने पहले कमलनाथ के दिल्ली स्थित घर की छत पर भगवा झंडे के चढ़ने-उतरने के कई औचक दृश्य सियासी सरसराहट पैदा कर रहे थे और इसके संकेतों को समझने में लोग ताकत लगा रहे थे, वैसी ही कोशिशें की जरूरत अब एक तस्वीर ने पैदा की है। यह नाथ के घर राहुल गांधी के पहुंचने और लंच के बहाने दो घंटे साथ बिताने की है। दो दिनों से इसे लेकर कयासबाजी है। तब नाथ का मन बदलता नजर आ रहा था और अब यह तस्वीर कांग्रेस के अघोषित हाइकमान राहुल के बदलते मिजाज की बानगी है। चूंकि राजनीति में तस्वीर और तक़रीर से ही नेताओं की भाषा समझी जा सकती है, इसलिए कहा जा सकता है कि कांग्रेस के भीतर काफी दिनों से अलग-थलग नजर आ रहे कमलनाथ के 'इकबाल' को दूसरा बूस्टर डोज़ मिला है। पहले राहुल ने नाथ को मिलने का समय दिया और अब खुद उनके घर पहुंचे।

दरअसल, हरियाणा और जम्मू के अनुभवों के बाद राहुल ऐसे मोड़ पर हैं, जहां से उन्हें फिर एक शुरूआत करना है। महाराष्ट्र व झारखंड जैसे मजबूत होल्ड वाले राज्य भी यदि फिसलते हैं तो राहुल खुद को पुराने भंवर में पाएंगे। तस्वीर कहती है कि दोनों राज्यों में नाथ की नेटवर्किंग की जरूरत अब कांग्रेस को है। करीब साढे तीन साल पहले जब झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस की गठबंधन सरकार को हिचकोले लगे थे, तब कमलनाथ को एक 'खास ऑपरेशन' पर भेजा गया था। इस बार महाराष्ट्र के विदर्भ इलाके के समीकरणों को सहेजने के लिए नाथ की भूमिका तय की जा रही है।



यह तो हुआ तस्वीर का एक पहलू, लेकिन अंदरखाने अनुमान हैं कि कमलनाथ के राजनीतिकों से इतर भी यानि कार्पोरेट हाउस और नौकरशाहों से संबंधों का जो संजाल है, उसमें भी वे कांग्रेस के लिए मिडिल-मैन की जरूरत को पूरा करने की पोजिशन में हैं। कांग्रेस के भीतर और बाहर भी कमलनाथ को अंबानी व अडानी तक से बेहतर रिश्तों के लिये जाना जाता है। उधर कांग्रेस हाइकमान की मुश्किल यह भी है कि उसे अब तक कोई मुकम्मल 'मोतीलाल वोरा' और 'अहमद पटेल' नहीं मिल पाया है। ताजा चुनावी सबक के बाद 'अहमद' की यही तलाश फिर सघन नेटवर्किंग वाले नेताओं तक पहुंच रही है, इनमें से एक गहलोत के अलावा अन्य कोई अभी 'दरबार' में है नहीं, दिग्विजय सिंह का उपयोग सीमित है,शिवकुमार कर्नाटक में फंसे हैं। तो क्या यही तलाश तमाम कड़वे अनुभवों के बावजूद राहुल और कमलनाथ को करीब ला रही है..!

***विदर्भ का छिंदवाड़ा कनेक्शन:*** *विदर्भ वह इलाका है, जो कमलनाथ के छिंदवाड़ा से सटा है। जहां कुल 62 विधानसभा सीटें हैं और अभी कांग्रेस के कब्जे में 29 सीटें हैं, भाजपा के पास 15 हैं। मोदी यहां चुनाव के पहले ही वर्धा व वाशिम में दो दौरे कर चुके हैं। यहां हरियाणा की ही तरह सीधी लडाई भाजपा व कांग्रेस के बीच होना है और टारगेट में होंगे-भारी संख्या वाले ओबीसी मतदाता। अंदरखाने बताते हैं कि कांग्रेस यहां 45 सीटों पर लडना चाहती है,बाकी सीटें शिवसेना व एनसीपी से बांटना चाहती है।*

## इसलिए आटे में मूत्र मिलाती थी घरेलू सहायिका!

**गालियाबाद, एजेंसी।** भोजन बनाने में पानी की जगह मूत्र मिलाने वाली घरेलू सहायिका के मामले का खुलासा हो गया है, पुलिस ने कल सहायिका को गिरफ्तार किया था, अब उसने पूछताछ में जो कबूलनामा किया, उससे अफसर हैरान हैं। पूछताछ में पहले मेड मूत्र मिलाकर खाना बनाने से इनकार करती रही, लेकिन जब उसे सीसीटीवी फुटेज दिखाई तो उसने जुर्म कुबूल किया और कहा कि वह चार महीने से ऐसा कर रही थी। उसे यह जानकारी नहीं थी कि कारोबारी ने कुछ दिन पहले ही रसोईघर में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया है। घरेलू सहायिका रीना ने बताया कि मालिक छोटी-छोटी बात पर डांटते थे। मेरे हर काम में कमी निकालते थे। मैं इससे खुद को अपमानित महसूस करती थी। इस अपमान का बदला लेने के लिए मैंने खाने में अपना मूत्र मिलना शुरू कर दिया था।



## जिला भाजपा के पूर्व पदाधिकारियों व मौजूदा ने घेरा

# भाजपा में नई कलह, पूर्व मंत्री पटेल के खिलाफ नेता लामबंद



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

भाजपा में कलह थमने का नाम ही नहीं ले रही है। अब नया मामला हरदा के दिग्गज भाजपा नेता, पूर्व मंत्री और पांच बार के विधायक रहे कमल पटेल को लेकर आया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा से बुधवार को पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हरदा अमर सिंह मीणा 50 नेताओं के साथ मिले। जिन्होंने कमल पटेल के खिलाफ निचले नेताओं को कमजोर करने, उनके खिलाफ असंगत टिप्पणी करने, उनका सहयोग नहीं करने, उनका हक मारने जैसी कई शिकायते की है।

जिस पर वीडी ने कार्रवाही का भरोसा दिया है। इसके पहले भी कमल पटेल चर्चा में आ चुके हैं। हाल ही में केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके ने उन्हें पूरे जिले का प्रतिनिधि नियुक्त कर दिया था। तब भी हरदा के कई भाजपा नेताओं को आपत्ति हुई थी और उन्होंने इसे गलत बताया था। उल्लेखनीय है कि फिलहाल कई भाजपा नेताओं के असभ्य व्यवहार, उनके परिजनों द्वारा प्रशासन के लोगों के साथ अभद्रता और सत्ता व संगठन को घेरने से परेशान है। ऐसे नेताओं की पेशी हो रही है, सरकार भी समझा रही है, उधर सत्ता व संगठन पर नजर रखने वाले संगठन की भी चिंता लगातार बढ़ रही है।

### वीडी से पटेल की ये शिकायत की

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष हरदा अमर सिंह मीणा ने वीडी शर्मा से शिकायत में बताया कि 14 अक्टूबर को कमल कुंज जिला कार्यालय सक्रिय सदस्यता को लेकर राजू मालवीय द्वारा बैठक ली गई थी। कमल पटेल ने कहा कि पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष पाटिल एवं अमर सिंह मीणा से अब कोई नमस्कार भी नहीं करते। जिस पर मेरे द्वारा बैठक में ही जवाब दिया कि पटेल पहले अपने गिरेबान में झांके। क्षेत्र की जनता ने उनसे नमस्कार करना बंद कर दिया है। इस बात का प्रमाण है कि दो-दो बार वे चुनाव हार गए। अमरसिंह मीणा ने शिकायत में बताया कि पटेल को इस बात पर विचार करना चाहिए कि अभी तक जितने भी जिला अध्यक्ष हुए हैं उनसे किसी से भी उनकी पटरी क्यों नहीं बैठी।



**अब हर घर पहुंचेगा स्वच्छ और निर्मल जल...** आज क्षेत्रीय पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान ने वार्ड 46 ऋषि नगर झुग्गी बस्ती में घर-घर जल पहुंचाने हेतु पाइप लाइन डाले जाने के लिए भूमि पूजन किया।

## गोबर शिल्प परंपरा पर 23-25 अक्टूबर को होगी कार्यशाला

**भोपाल।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल के अंतर्गत डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान, भोपाल द्वारा अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में प्राचीन मनके (बीट्स) की प्रदर्शनी, मनके निर्माण कार्यशाला तथा युगों-युगों मनके विषय पर व्याख्यान के साथ गोबर शिल्प परंपरा पर कार्यशाला 23-25 अक्टूबर 2024 को राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में होगी। कार्यशाला का शुभारंभ 23 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 3 बजे राज्य संग्रहालय सभागार में किया जायेगा। कार्यशाला में मनके एवं गोबर शिल्प विक्रय के लिये उपलब्ध रहेगें। प्रदर्शनी एवं व्याख्यान के माध्यम से विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थी विद्यार्थियों एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों एवं जिज्ञासु प्राचीन मनके निर्माण विधा तथा गोबर शिल्प परंपरा से लाभान्वित हो सकेगें। प्रतिभागियों में पंजीयन के लिये लिंक https://shorturl.at/OyLQF है।

## सौर ऊर्जा में लंग्स ऑफ इन्क्रेडिबल इण्डिया के विजन पर अग्रसर प्रदेश: डॉ. यादव

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अपनी विशेष पहचान बना रहा है। सोलर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिये मध्यप्रदेश उद्योगपतियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि गाँधी नगर में आयोजित चौथे ग्लोबल मीट रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट में उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में अपने प्रोजेक्ट लगाने में रुचि दिखाई। मध्यप्रदेश में संचालित होने वाले सोलर प्रोजेक्ट्स की बदौलत हॉर्ट ऑफ इन्क्रेडिबल इण्डिया नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में काम करते हुए लंग्स ऑफ इन्क्रेडिबल इण्डिया बनने के विजन की ओर अग्रसर है। मध्यप्रदेश में रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। ओंकारेश्वर में विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट तैयार हो रहा है।

रीवा का 1590 हेक्टेयर में स्थापित सोलर प्रोजेक्ट विश्व के सबसे बडे सिंगल साइड सोलर प्लांट में से एक है। अब प्रदेश ने एक और नई पहल की है। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीपीपी मोड में 8 हजार मेगावॉट सोलर एनर्जी जनरेशन के ज्वाइंट एडवेंचर संबंधी परियोजना पर सहमति बन गई है। इसमें मुरैना, शिवपुरी, सागर और धार में सोलर प्रोजेक्ट लगेंगे, जिनसे जनरेट होने वाली बिजली का उपयोग दोनों राज्यों में



सिंचाई के लिये किया जा सकेगा। मप्र में आज 7 हजार मेगावॉट सोलर एनर्जी जनरेट की जा रही है। कुल ऊर्जा क्षमता में रिन्यूएबल एनर्जी की हिस्सेदारी 21 प्रतिशत हो गई है। वर्ष 2012 में मात्र 500 मेगावॉट सोलर एनर्जी की क्षमता थी। प्रदेश ने मात्र 12 वर्ष की अवधि में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में 14 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। राज्य सरकार वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 20 हजार मेगावॉट के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। गाँधी नगर में हुई चौथी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर 3 में मुख्यमंत्री के साथ उद्योगपतियों ने वन-टू-वन चर्चा की।

## राज्य स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की 7वीं बैठक हुई

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की 7वीं बैठक मंत्रालय में प्रमुख सचिव पर्यावरण गुलशन बामरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अंतर्गत नगरीय निकायों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए.क्यू.आई.) को नियंत्रित करने के लिये उपायों की समीक्षा की गई। विभिन्न शहरों के प्रस्तुतिकरण में यह पाया गया कि सभी निकायों द्वारा कार्य-योजना के अनुसार कार्रवाई की जा रही है, जो संतोषजनक पाई है।

## वन स्टाप सेंटर के प्रशासकों-काउंसलर्स ट्रेनिंग शुरू

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में 57 वन स्टाप सेंटर संचालित हैं। हिंसा पीड़ित महिलाओं की शिकायतों का निराकरण वन स्टाप सेंटर के प्रशासक द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त इन पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं की काउंसलिंग भी की जाती है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा इन प्रशिक्षकों एवं काउंसलर्स के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 16 एवं 17 अक्टूबर को होटल पलाश भोपाल में की जा रही है। आयुक्त, महिला बाल विकास सूफिया फारूखी कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी।

प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशासक संवेदीकरण, मनोवैज्ञानिक परामर्श, नये कानूनों में संशोधन, जेंडर संवेदीकरण, फैमिली काउंसलिंग एवं दस्तावेजी करण आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की जायेगी।

## तीनों पार्क हुए दलदल में तब्दील निगम आयुक्त से मांगा जवाब

**▶▶ बच्चों और बुजुर्गों को हो रही दिक्कतें**

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मानव अधिकार आयोग ने भोपाल सहित प्रदेश के 7 मामलों में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। पहला मामला भोपाल के वार्ड नंबर 79 के अंतर्गत स्थित न्यू चौकसे नगर में बने तीनों पार्क के दलदल होने का है। पार्क का रखरखाव नहीं होने के कारण इसमें सीवेज का पानी आने से पार्क में दलदल हो गया है।




इस कारण पार्क में बच्चों को खेलने एवं बुजुर्गों को पार्क में टहल नहीं पा रहे है। पार्क के आसपास भी गंदगी होने से कॉलोनी के रहवासियों को बदबू और गंदगी से परेशान होना पढ़ रहा है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पार्क की दशा जन उपयोगी बनाये जाने तथा उसके नियमित उचित प्रबंधन के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से रहवासी हो रहे परेशान

भोपाल शहर के एयरपोर्ट रोड़ स्थित रक्षा विहार कॉलोनी में रहने वाले सेना से रिटायर हुये अफसरों सहित 200 परिवारों को मूलभूत सुविधाओं के लिये परेशान होना पढ रहा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि कॉलोनी में सेना से रिटायर हुए अफसरों सहित 200 से ज्यादा परिवार रहते है, जिन्हें पर्याप्त पेयजल एवं सड़क परिवहन जैसी सुविधाओं से वंचित रहना पढ रहा है।

## मिठी पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर संस्कृत में गीतों की प्रस्तुति

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर संस्कृत भाषा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने संस्कृत में गीतों की प्रस्तुति दी। छात्र जोएल दादलानी ने महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं, आदर्शों और जीवन पर भाषण दिया।

विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने वाल्मीकिजी के चरित्र चित्रण पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। विद्यालय उपप्राचार्या दीपा एंथोनी ने वाल्मीकि जयंती की बधाई दी। संस्कृत विभागाध्यक्ष



शिक्षिका सुनीता शर्मा ने संस्कृत भाषा के सरलीकरण, महत्त्व व आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सेवासदन द्वारा आयोजित वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में जिन छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया था, उन्हें पुरस्कार के रूप में 3500 रुपये की नगद राशि के साथ प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## सीएलसी दूसरे चरण में बीटेक के लिए 35 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पंजीयन 540 पार

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के कॉलेजों में यूजी-पीजी में प्रवेश की उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही ई-प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस बार चार लाख से अधिक सीटें खाली रह गई है। वहीं देरी से शुरू हुई तकनीकी शिक्षा विभाग की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रक्रिया के तहत इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के दूसरा चरण शुरू हो चुका है। बीटेक में प्रवेश के लिए अब तक लगभग 350 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। इससे ज्यादा डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पंजीयन हुए हैं। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 540 पंजीयन हुए हैं। लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए 501 पंजीयन हुए हैं। आईटीआई से डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने के लिए 325 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है।

### इस बार इसके तहत 3 चरण तय

आल इंडिया काउंसिल फार टेक्निकल एजुकेशन ने इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश के लिए रिवाइज्ड कैलेंडर जारी किया था। इसके आधार पर तकनीकी शिक्षा विभाग ने कॉलेज लेवल काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत तीन चरण तय किए हैं। इसके तहत ऐसे विद्यार्थी जो अभी भी पंजीयन नहीं करा पाए हैं वे इस चरण में बुधवार तक पंजीयन कराकर अपनी पसंद के कॉलेज में प्रवेश ले सकते हैं। इसके तहत प्रवेश की आखिरी तारीख 23 तय की गई।



**भोपाल।** सकल वाल्मीकि पंचायत वृत्त एवं उत्सव समिति द्वारा महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि का प्रकाश प्रकटोत्सव चौकी इमामबाडा स्थिति वाल्मीकि मंदिर पर भोपाल सांसद आलोक शार्मा ने पूजा आर्चना की। **-फोटो निर्मल व्यास**

## नियमों के विरूद्व कार्य करने वाले एनजीओ पर सरकार शिकंजा

### गड़बड़ी मिली तो फंडिंग होगी बंद




भोपाल. दोपहर मेट्रो।

अब नियमों के विरुद्ध कार्य करने वाले एनजीओ पर सरकार शिकंजा कसेगी। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके तहत सरकारी अनुदान और विदेशी फंड लेने वाले एनजीओ के कार्यों का जांच की जाएगी। इनमें मध्य प्रदेश में संचालित मदरसों पर भी नजर रखी जाएगी। वहीं, वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्यरत एनजीओ और विदेशी फंडिंग पर मध्य प्रदेश में कार्य कर रहीं मिशनरी संस्थाओं एवं आदिवासियों के बीच काम करने वाले एनजीओ की वार्षिक रिपोर्ट का परीक्षण किया जाएगा।

इसके लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सहित अनुदान देने वाले विभाग अपने-अपने स्तर पर मूल्यांकन करेंगे और राज्य सरकार को रिपोर्ट भेजेंगे। ईसाई मिशनरी संस्थाएं भी जांच के दायरे में हैं। जानकारी के अनुसार, ऐसे एनजीओ जो सरकार से अनुदान लेते हैं, लेकिन सरकार की मंशा अनुरूप जनकल्याण के कार्यों के विपरीत कार्य करते हैं, उन्हें चिह्नित कर अनुदान बंद किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** | बैरागढ़ अमृतवेला सेंटर मना रहा चालीहा

# अमृतवेला में चालीहा की धूम, रिंकूवीर को सुन रहे श्रद्धालु

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व चालीहा की शुरूआत पांच अक्टूबर हो गई है। रोजाना भाई साहब रिंकू वीरजी लाइव मुंबई से कीर्तन कर रहे हैं, जिसका लाइव प्रसारण दुनियाभर में हो रहा है। उपनगर स्थित अमृतवेला सेंटर में संगत के मेले लग रहे हैं। ट्रस्ट के सदस्य धीरज टिलवानी ने बताया रोजाना सुबह (अमृतवेले) 3 बजे गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज जी महाराज का प्रकाश होता है। रात्रि 1:30 बजे से पाठ लाइव शुरू हो जाता है।

3:30 बजे से भाई साहब जी का लाइव कीर्तन स्टार्ट हो जाता है जिसका समापन सुबह 6 बजे होता है। चालीहा का समापन 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती पर होगा भव्य प्रभात फेरी अमृतवेला ट्रस्ट बैरागढ़ द्वारा होगी



जो शहर का भ्रमण करते हुए वापस अमृतवेला सेंटर समाप्त होगी। प्रभात फेरी में भी ट्रस्ट के सेवादारों द्वारा संगत के लिए बहुत सारे सरप्राइज़ रखे हैं।

### सिंधी पंचायत के फैसला बोर्ड के संयोजक मनवानी ने पद छोड़ा

पूज्य सिंधी पंचायत संतनगर में अध्यक्ष को लेकर टकराव के चलते फैसला बोर्ड के संयोजक राज मनवानी ने पद छोड़ दिया है। कहा है, जिस तरह पदभार ग्रहण किया गया, उससे व्यथित हूं। अब में एक साधारण सदस्य की तरह पंचायत से जुड़ा रहूंगा। अध्यक्ष माधु चांदवानी, कार्यवाहक अध्यक्ष भरत आसवानी को लिखे पत्र में मनवानी ने कहा है कि जिस तरह पदभार ग्रहण हुआ, उसे देख कर मन बहुत विचलित हुआ।


खान मंत्रालय
MINISTRY OF MINES
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
खनन कॉन्क्लेव
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
17-18 अक्टूबर, 2024
कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल
'देश का एकमात्र हीरा उत्पादक प्रदेश'
1 स्थान मैगनीज और कॉपर अयस्क उत्पादन
2 स्थान रॉक फॉस्फेट उत्पादन
3 स्थान चूना उत्पादन
4 स्थान कोयला उत्पादन
कॉन्क्लेव की विशेषताएं
600+ प्रतिभागी
थीमैटिक सेशन
वन-टू-वन मीटिंग
बायर-सेलर मीट
प्रदर्शनी
फोकस सेक्टर्स
कोयला एवं बिजली
एनर्जी एवं हाइड्रोकार्बन
लाइम स्टोन एवं सीमेंट
खनिज प्रसंस्करण
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#MiningConclaveInMP
मध्यप्रदेश शासन
D-11082/24

## संपादकीय

# कनाडा से तल्खियों का चरम

पिछले लंबे समय से चल रही तनातनी को अब चरम उभरता नजर आ रहा है, मामला भारत और कनाडा के रिश्तों में तल्खी का है। जो हाल में और भड़की है। भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और सभी राजनयिकों को वापस बुला लिया है और कनाडाई उच्चायुक्त और राजनयिकों को वापस जाने को कह दिया है। दरअसल, हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले की जांच के संदर्भ में कनाडा ने जब यह कह दिया कि भारतीय उच्चायोग के राजनयिकों पर भी निगरानी रखी जाएगी तो इसका मतलब साफ था कि राजनयिकों का प्रतिरोधक अधिकार समाप्त हो जाएगा। कनाडा ने यह फैसला इसलिए किया कि उसके अनुसार निज्जर की हत्या में भारतीय उच्चायोग के अधिकारी भी शामिल थे। कनाडा के इस फैसले की प्रतिक्रिया में भारत ने यह कहते हुए अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया कि वहां उनकी सुरक्षा खतरे में है। भारत ने कनाडा के इस कदम को राजनीति से प्रेरित बताया है। इस तरह राजनयिकों का किसी देश से वापस बुलाया जाना या किसी देश के राजनयिकों का बाहर निकाला जाना बहुत गंभीर बात मानी जाती है। दरअसल, दोनों देशों के रिश्तों में यह कड़वाहट तब बढ़ गई थी, जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने प्रेसवार्ता करके कहा कि निज्जर की हत्या में भारत की खुफिया एजंसियों का हाथ था। हालांकि विचित्र है कि भारत इस संबंध में लगातार उससे प्रमाण मांग रहा है, पर वह अब तक कोई सबूत पेश नहीं कर सका है। छिपी बात नहीं है कि कनाडा में रह रहे सिख अलगाववादी संगठनों के लोग वहां लगातार भारत-विरोधी गतिविधियां चलाते रहे हैं। वहां अलग खालिस्तान की मांग को हवा देने का प्रयास होता रहा है। भारत कई वर्ष से कनाडा सरकार से इन गतिविधियों पर रोक लगाने की अपील करता रहा है, मगर वह उसे अनसुना करता रहा है। वहां सक्रिय अलगाववादी ताकतें भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर कई बार प्रदर्शन कर चुकी हैं। भारतीय उच्चायोग के बाहर लगे भारतीय झंडे का अपमान कर चुकी हैं। वर्ष चौरासी के सिख विरोध दंगों की बरसी पर आपत्तिजनक झांकियां निकाल चुकी हैं। मगर भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा सरकार ने उनके खिलाफ कोई कड़ा कदम नहीं उठाया। निज्जर के बारे में छिपी बात नहीं है कि वह भारत की तरफ से घोषित आतंकी था। इंटरपोल ने भी उसे वांछित घोषित कर रखा था। कनाडा के एक गुरुद्वारे के बाहर रहस्यमय ढंग से उसकी हत्या हो गई थी। विचित्र है कि उसका आरोप कनाडा सरकार भारतीय खुफिया एजंसियों और उच्चायोग के अधिकारियों पर लगा रही है। अब कनाडा पुलिस ने कहा है कि इसमें लारेंस बिश्नोई गुट का हाथ भी हो सकता है। निज्जर हत्या मामले में कनाडा के निराधार आरोप से दुनिया भर में भारत की छवि खराब हो रही है। कनाडा सचमुच अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है, तो कायदे से उसे निज्जर मामले की तथ्यात्मक जांच करानी चाहिए थी, फिर कोई बयान देता। मगर हकीकत यही है कि जस्टिन ट्रूडो अपनी घटती लोकप्रियता, बढ़ती महंगाई और लोगों में अपनी सरकार के प्रति नाराजगी से ध्यान भटकाने और सिख समुदाय का समर्थन हासिल करने के इरादे से निज्जर मामले को तूल दे रहे हैं। कनाडा में अगले वर्ष चुनाव होने हैं। इस मामले को बेवजह उछाल कर ट्रूडो को शायद ही कोई उल्लेखनीय लाभ मिल सके, पर उन्होंने भारत के साथ अपने संबंधों में खटास पैदा कर कई परेशानियां जरूर खड़ी कर दी हैं। इस वक्त कई देश आतंकवाद से जूझ रहे हैं और कुछ लगातार लड़ भी रहे हैं। ऐसे में किसी कनाडा जैसे देश का ऐसा विचित्र रवैया एक खराब उदाहरण की तरह याद रखा जाएगा।

नारी को मैं रवीन्द्रनाथ के शब्दों में न केवल देवी रूप में पूजी जाना चाहती हूँ, न पूर्ण समर्पिता। उसका अपना आत्म-सम्मान अक्षुण्ण बना रहे, नारी का सौष्ठव आहत न हो। – गौरा पंत 'शिवानी'

## आज का इतिहास

- 1386: जर्मनी में हैडलबर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
- 1564: इंग्लैंड के नौसैनिक कमांडर जॉन हॉकिन्स ने दूसरी बार अमेरिका यात्रा शुरू की।
- 1572: स्पेन की सेना ने मास्ट्रिच पर हमला कर दिया।
- 1648: उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में 'बोस्टन शूमेकर्स' पहला श्रम संगठन बना।
- 1867 : रूस के अलास्का क्षेत्र को खरीदने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री विलियम सिवार्ड द्वारा किए गए करार को मंजूरी दी गई और राजधानी सितका में अमेरिकी ध्वज फहराया गया।
- 1892: अमेरिका में शिकागो से न्यूयॉर्क के बीच पहली लंबी दूरी की वाणिज्यिक फोन लाइन को शुरू किया गया।
- 1898: अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको का अपने कब्जे में लिया।
- 1900: काउंट बर्नार्ड वॉन बुलो जर्मनी के चांसलर बने।
- 1922 : ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी लिमिटेड की स्थापना, जिसने 1927 में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का स्थान लिया।
- 1922: ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कंपनी की स्थापना हुई, जिसका नाम बाद में बदलकर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन किया गया।
- 1925: प्रसिद्ध रंगमंच निदेशक और नेशनल स्कूल'फ ड्रामा के पूर्व निदेशक इब्राहिम अल्काज़ी का जन्म।
- 1931 : अमेरिकी खोजकर्ता थामस अल्वा एडिसन का वेस्ट आरेंज, न्यूजर्सी में निधन।
- 1944: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरू की।
- 1954: टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी ने पहले ट्रांजिस्टर रेडियो का निर्माण किया।
- 1956 : महिला टेनिस में विश्व की जानी मानी खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा का प्राग में जन्म।

## निशाना

### है मिला उपहार !



अंदर बाहर हो रहे ।
खेलने को खेल ।।
बढ़ ना जाए ख़तरा ।
कर लें तनिक मेल ।।
है मिला उपहार ।
करने को प्रचार ।।
सख़्त है हिदायत ।
रहना खबरदार ।।
व्यस्त रहेगा कार्यक्रम ।
रख कदम संभाल ।।
भावनाओं को अभी ।
है बनाना ढ़ाल ।।
होंगे हमले तेज़ ।
है यह आखिर तय ।।
धीरे-धीरे उसी दिशा में ।
लगी बनने लय ।।

- कृष्णेन्द्र राय

# कांग्रेस गठबंधन की राजनीति के धर्म और विज्ञान को समझती तो सफल हो जाती

रं[illegible]र कुमार गौतम



21 माम तरह के विश्लेषकों के बीच जागरूक मतदाता के लिए चुनाव परिणाम से सीखने का अवसर छूटता जा रहा है. कुछ लोग एग्ज़िट पोल के विश्लेषण के माध्यम से ही अपनी आलोचनाओं को नए रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दल शर्म और घबराहट से ऊपर उठकर जनता के मत को अपनी सफलता या असफलता में अपना निहितार्थ खोज रहे हैं. लोकतंत्र में चुनावी जीत और हार ही विश्लेषण के एकमात्र आधार नहीं होते; चुनाव में उभरती हुई नई राजनीतिक प्रक्रियाओं को समझना भी उतना ही आवश्यक है, आलोचनाओं के बावजूद। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद मेरा मत था कि भारतीय मतदाताओं के मन को समझना किसी भी राजनीतिक या समाजशास्त्री के लिए अत्यंत कठिन है. हां, चुनाव विश्लेषण को निष्पक्ष होकर समझने से कुछ बुनियादी दृष्टिकोण मिल सकता है, जिससे भविष्य में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को और अधिक मजबूत किया जा सके. जिस प्रकार लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार चुनावी परिणाम का स्वतंत्र और निष्पक्ष विश्लेषण भी नागरिकों की जागरूकता के लिए उतना ही जरूरी है. आंकड़ों से देखा जाए तो यह मालूम होता है कि विपक्ष के आपसी संयोजन में कमी भाजपा की जीत के सबसे बड़े कारणों में से एक माना जा सकता है. विपक्षी दल आपस में एक साझी रणनीति बनाने में अक्सर असफल रहे हैं, जिसका लाभ भाजपा उठा ले जाती है.। अब सवाल यह है कि क्या आम आदमी पार्टी या बीएसपी जैसी पार्टियों को चुनाव लड़ने का अधिकार नहीं है? जवाब है, हां है, लेकिन जब विपक्षी दलों द्वारा ÷अधिनायकवाद÷ के दौर के दावे हो रहें हों और लोकतांत्रिक-संवैधानिक ढांचे पर खतरा मंडराने की बात हो तब विपक्ष की सबसे बड़ी जिम्मेदारी संगठित होकर उस सत्ता प्रतिष्ठान के विरुद्ध एक साझी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होना चाहिए था, जैसा कि इस चुनाव में भी नहीं दिखाई दिया।

लगातार 10 वर्षों के शासन के बाद भाजपा का निरंतर शासन कहीं न कहीं विपक्ष की राजनीति की गंभीर कमजोरी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए कभी भी सही नहीं हो सकता. सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र के लिए अनिवार्य है, लेकिन कमजोर साझी नीतियों के साथ वर्तमान सत्ता को चुनौती देना आसान नहीं, यह बात इस चुनाव ने सिद्ध कर दी. जो लोग यह विश्लेषण कर रहे थे कि कांग्रेस की लहर चलेगी या सुनामी आएगी, शायद उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि दलित वोट अब भी बीएसपी से पूरी तरह अलग नहीं हुआ है, उसका प्रभाव अब भी मौजूद है. इसी तरह एक क्षेत्रीय दल के रूप में आईएनएलडी की भी भूमिका अहम है, और आम आदमी पार्टी के रुझान को भी सिरे से नकारा नहीं जा सकता. इन तीन तथ्यों के बावजूद अगर कांग्रेस की लहर उन्हें दिख रही थी, तो यह कहीं न कहीं एक तरह का राजनीतिक भ्रम था। अन्य तथ्य जो सामने आ रहे हैं, वह यह हैं कि हुड्डा जी ने एक तरह से कमलनाथ जी की तरह ही विश्लेषण अपना लिया था. ऐसा देखा जा रहा है कि जाति के आधार पर जाट समुदाय हमेशा से वर्चस्ववादी सोच की राजनीति चलाने का प्रयास करता रहा है. वे चुनाव परिणाम की भी भविष्यवाणी करने लगे थे. अगर हुड्डा सार्वजनिक तौर पर यह कहते कि कुमारी शैलजा को चुनाव परिणाम के बाद भी एक सम्मानजनक स्थान मिलेगा, तो दलित वर्ग की नाराज़गी का सामना उन्हें नहीं करना पड़ता. हालांकि, कुमारी शैलजा ने भी चुनाव के दौरान यह जाहिर किया था कि वे हुड्डा की राजनीति को पसंद नहीं करती हैं।

चुनावी राजनीति में आपसी समझौते के मुद्दे आज के समय में बहुत बड़ी भूमिका निभा रहे हैं. कभी-कभी समझौते के मुद्दों में लचीलापन लाभदायक साबित होता है, जैसा कि कर्नाटक के चुनाव परिणामों में देखा गया, जहां कांग्रेस ने किसी के साथ गठबंधन नहीं किया, फिर भी उसकी जीत हुई. कांग्रेस को संयुक्त मोर्चा (गठबंधन) की संस्कृति को उभारना होगा और उससे कुछ सीखना होगा. भाजपा में देखा गया है कि वह अपने सहयोगियों को कुछ सीटें देकर उन्हें साथ बनाए रखती है, और इस तरह जातिगत वोट बैंक को बेहतर ढंग से साधने में सफल हो जाती है. जैसे बिहार के लोकसभा चुनाव के दौरान पांच सीटें लोजपा को और दो सीटें ÷हम÷ को देकर इसका लाभ उठाया. गठबंधन की राजनीति में एक नियम होता है कि जिसकी जितनी राजनीतिक हैसियत हो, उसे उसी के अनुसार जगह दी जानी चाहिए. गठबंधन की राजनीति में सफलता के सूत्र इसी में छिपे हैं. इसके इतर, गठबंधन का परिणाम नुकसानदेह होता है. कांग्रेस पार्टी को गठबंधन की राजनीति के विज्ञान को और बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है। जिस नेता ने हरियाणा में कांग्रेस को गुमराह किया, वह बार-बार यह कह रहे थे कि कांग्रेस अपने दम पर सुनामी लाने में सक्षम है. इसी वजह से आम आदमी पार्टी से गठबंधन नहीं हो पाया. अगर आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन किया जाता, तो 2024 के आम विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को लाभ मिल सकता था. हालांकि, इसके बावजूद अगर हरियाणा में गठबंधन होता, तो कहीं न कहीं कांग्रेस के लिए लैंडस्लाइड जीत होती. और आज के दौर में ऐसा दावा गठबंधन की राजनीति की महत्ता के संदर्भ में किया ही जा सकता है. गठबंधन की राजनीति का अभी अंत निकट समय में नहीं दिखाई देता।

वैसे तो कांग्रेस के पास सलाहकार मंडल की एक बड़ी फ़ौज है, लेकिन यदि कांग्रेस गठबंधन की राजनीति के धर्म और विज्ञान को समझती तो आने वाले समय में परिवर्तन की तलाश कर रहे लोग उन्हें सरकार बनाने का मौका जरूर देते. लेकिन ऐसा नहीं किया जाना हरियाणा में कांग्रेस के लिए एक बड़ी भूल साबित हुई.

**( लेखक सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता हैं) यह उनके विचार हैं।**

# विकसित भारत के स्वप्न दृष्टा अब्दुल कलाम साहब

■ डॉ. नाज परवीन

21वीं सदी की बड़ी उपलब्धि भारत की लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था है। जो विश्व में अपनी बढ़त बनाने में कामयाब हो रही है। विकसित भारत के बुनियादी शिल्पकारों में से एक शिल्पी भारत के कलाम साहब भी है। जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर बनते हुए देखने का सपना संजोया था। वो भारतवर्ष के उन चुनिंदा सपूतों में से हैं जिन्होंने भारत को दुनिया के समक्ष सीमित साधनों के साथ कामयाबी का पर्याय बनाया। जिन्होंने असंभावनाओं को आने वाली सम्भावनाओं में तबदील किया।विरले ही होते हैं ऐसे लोग जो स्वयं से पूर्व राष्ट्र को रखते हैं। भारत की बेमिसाल शख्सियत थे, भारत के अब्दुल कलाम साहब जिन्होंने भारत की युवा पीढ़ी को खुली आंखों से सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित किया। वो स्वयं भी ऐसे ही सकारात्मक विचारों से ओत-पोत रहते थे। बचपन में पंक्षियों को आकाश में उड़ते देख आसमानों में परवाज़ होने की ख्वाहिश ने उन्हें संसार के क्षितिज पर परवाज करने का सफर तय कराया।भारत के कलाम साहब यकीनन विकसित भारत के स्वप्न दृष्टा के रूप में काबिज हैं। उनका सपना भारत को आत्मनिर्भर बनाने का था। जिसे उन्होंने शिद्दत से पूरा करने का प्रयास भी किया। वो एक बेहतरीन शिक्षक, श्रेष्ठ वैज्ञानिक, सादगी पसन्द जनता के राष्ट्रपति, एक आसाधारण व्यक्तित्व वाली शख्सियत के तौर पर विश्वविख्यात हैं। बहुत कम व्यक्ति होते हैं जिन्हें लोगों के दिलों में शासन करने का मौका मिलता है। कलाम साहब उन महान शख्सियतों में से हैं जिन्हें समस्त हिन्दुस्तानियों ने अपने दिलों में बसाया।

**भारत के कलाम साहब यकीनन विकसित भारत के स्वप्न दृष्टा के रूप में काबिज हैं। उनका सपना भारत को आत्मनिर्भर बनाने का था। जिसे उन्होंने शिद्दत से पूरा करने का प्रयास भी किया। वो एक बेहतरीन शिक्षक, श्रेष्ठ वैज्ञानिक, सादगी पसन्द जनता के राष्ट्रपति, एक आसाधारण व्यक्तित्व वाली शख्सियत के तौर पर विश्वविख्यात हैं।**



तमिलनाडु के रामेश्वरम् में जैनुलआबिदीन और आशिअम्मा के घर 15 अक्टूबर 1931 को कलाम साहब का जन्म हुआ। उनके पिता पेशे से एक नाविक और मां एक गृहिणी थीं। माता-पिता निहायत ही संजीदा और अमन पसन्द लोगों में शुमार थे। जिसका प्रभाव कलाम साहब पर दिखाई देता है। कलाम साहब का जन्म उस दौर में हुआ जब भारत स्वतंत्रता के संघ्रर्षों में घिरा हुआ था। भारत गुलाम था। कलाम साहब का बचपन उस दौर की यादों से भी गुजरा जब भारत में साइंस और तकनीकी जादू की दुनिया से कम न थी। फिर भी उन्होंने अपने सपनों को सकारात्मकता की उड़ान दी। दुनिया को यह यकीन करने में मजबूर कर दिया कि वो दिन भी आएगा जब भारत विज्ञान और तकनीकी की दुनिया में पहली पंक्ति में खड़ा होकर दुनिया की आखों में आखें डाल विकास की उड़ान भरेगा। वो अकसर कहते थे, कि 'सपने वे नहीं होते, जो आपको रात में सोते समय नींद में आए बल्कि सपने वे होते हैं, जो रात में सोने ही न दें।' उनके सकारात्मक विचार भारत के युवाओं में जोश भरने का काम करते हैं। वो आज भी युवाओं के सबसे पसन्दीदा अध्यापक हैं। उनका छात्रों के साथ बेहद लगाव था। उनके जन्मदिन को विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका मानना था कि यदि किसी देश को भ्रष्टाचार से मुक्त होना है और खूबसूरत दिमाग वाले लोगों से भरना है तो समाज में तीन ऐसे लोग हैं, जो ऐसा कर सकते हैं। वे हैं माता-पिता और अध्यापक सम्भवतः इसीलिए वो सबसे खुश एक अध्यापक के तौर पर नज़र आए। अपने जीवन के अन्तिम क्षण में भी वे शिलांग के छात्रों में उत्साह भरने का काम कर रहे थे। छात्रों और शिक्षा के प्रति डॉ. कलाम साहब के प्रयासों को सम्मान देने के लिए उनके 79वें जन्मदिवस पर संयुक्त राष्ट्र संगठन ने उनके जन्मदिन को विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। तब से निरन्तर दुनिया कलाम साहब के जन्मदिन को विश्व छात्र दिवस के रूप में मनाती है।

27 जुलाई सन् 2015 को उनका शरीर भौतिक रूप से हमारे मध्य न रहा लेकिन आज भी प्रत्येक होनहार संघ्रर्षशील छात्र के तरक्की पसन्द विचारों में कलाम साहब देखे जा सकते हैं। वे छात्रों के सबसे पसन्दीदा अध्यापक, मेण्टोर, मोटीवेटर के रूप में आज भी मौजूद हैं। विश्व छात्र दिवस का उददेश्य, दुनियाभर के छात्रों को शिक्षा के महत्व से परिचित कराना है ताकि शिक्षा के मौलिक अधिकारों की प्राप्ति हो सके। किसी भी देश के छात्र, उस देश के मेरूदण्ड से कम नहीं होते हैं। ऐसे में युवाओं के देश भारत में, तरक्की और कामयाबी की असंख्य संभावनाएं हैं। जरूरत उन्हें सही दिशा देने की है। आकाश की उड़ान भरने के लिए हवाई जहाज या अन्य साधनों से भी ज्यादा आवश्यक है हौसला। हौसलों की लम्बीं उड़ान दुनिया के आसमान में बादशाहत कायम करने में सक्षम है। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं जिनमें हम खुली आंखों के सपनों को पूरा होते हुए देख सकते हैं। कलाम साहब उसी हौसले की उड़ान से आसमान में परवाज करने की बातें छात्रों से दोहराते रहे। एम.आई.टी. में पढ़ाई के दौरान वो अकसर वहां रखे दो हवाई जहाजों के पास बैठ अपने सपनों को हकीकत में बदलने की ख्वाहिशों में अकसर तल्लीन रहते। इल्म हासिल करने को लेकर उनके विचार स्पष्ट थे। वो कहते थे इल्म बड़ा करामाती हथियार है। जिसका इल्म जितना ज्यादा होगा, उतना ही वह आजादी का हकदार होगा। भारत को मिशाइल टेक्नोलॉजी के हुनर में दुनिया के चन्द चुनिंदा देशों के बराबर खड़ा करने में डॉ. कलाम साहब का बड़ा योगदान है। अग्नि की सफल उड़ान से पूर्व डिफेंस मिनिस्टर ने उनसे सवाल किया कि आर्प अिग्न की सफलता पर किस प्रकार से अपनी खुशी जाहिर करना चाहेंगे, तब उन्होंने कहा कि 'हम एक लाख पेड़ों की कोपलें लगाएगे।

बेइन्तेहा सादगी पसन्द थे कलाम साहब उनके सपनों और ख्वाहिशों की फेहरिश्त देख यकीन होता है की यकीनन वो इंसानी शरीर में फरिश्तें की रूह लेकर भारत के छोटे से शहर रामेश्वरम् में पैदा हुए और भारत की कामयाबी की उड़ान की रूपरेखा तैयार करने के लिए लगातार प्रयास करते रहे। भारत को आत्मनिर्भर बनते हुए देखना, उनका सपना था। आज भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। इस कामयाबी की नींव में एक पत्थर कलाम साहब के हाथों से भी यकीनन शामिल हुआ होगा। उनका अपने वतन की सरज़मीं से बेइन्तेहां मोहब्बत, युवाओं को सपने देखने की सीख देना, भारत की सुरक्षा के लिए किए गए सफल प्रयोग, उन्हें युवाओं और बच्चों पसन्दीदा हीरो बनाता है। वे जानते थे कि भारत में प्रतिभाओं की कमीं नहीं है इसलिए वे अपनी जीवनी में लिखते हैं, कि ' मैं जानता हूं कि बहुत से साइंस के महारथी और इंजीनियर मौका मिलते ही वतन छोड़ जाते हैं। दूसरे मुल्कों में चले जाते हैं। ज्यादा रूपये कमाने के लिए, ज्यादा आमदनी कमाने के लिए लेकिन यहां रहकर ये आदर, ये इज्जत क्या कमां सकते हैं? जो उन्हें अपने वतन से मिलती है।' यदि यह कहें कि इल्म को हथियार बनाकर कामयाबी की इबारत लिखने वाले देश के ग्यारहवें राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी ने विकसित भारत के स्वप्न दृष्टा के रूप में सपनों की कोपलें युवाओं की आखों में बोने का सफल प्रयास किया था तो कोई अतिश्योक्ति न होगी।

-साभार

# सहकारिता संयुक्त आयुक्त ने 3 दिन के अंदर जांच कर रिपोर्ट सौंपने के लिए लिखा पत्र


कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम

## पगढाल सेवा सहकारी समिति का है पूरा मामला

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

विगत दिनों ग्राम पगढाल की सेवा सहकारी समिति के द्वारा रावन पीपल के किसान को बगैर खाद लिए 27000 रुपए का कर्जदार बना दिया था। पीड़ित किसान विगत 2 सालों से अपने आप को निर्दोष साबित करने के लिए जगह-जगह शिकायत करने पर मजबूर हो गया और अपने आपको 20 बोरी डीएपी जो उसने ली ही नहीं उसे कर्ज से मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक में शिकायत करी गई शिकायत के निराकरण के लिए 10 अक्टूबर को भी जिला सहकारी बैंक के जिला




अधिकारियों ने इस मामले में निराकरण के लिए सिवनी मालवा और शिवपुर शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया गया लेकिन उन्होंने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की पीड़ित किसान ने एक बार फिर मंगलवार को जनसुनवाई में इस बात की शिकायत की शिकायतकर्ता की पीड़ा को दैनिक दोपहर मेट्रो अखबार ने प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की गई खबर प्रकाशित होने के बाद कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता नर्मदा पुरम् ने दोबारा 16/10/2024 को उमेश यादव, उप अंके. एवं प्रशासक, सेवा सहकारी समिति मर्या0 पगढाल को फिर से एक पत्र जारी किया जिसमें लेख किया गया है कि सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार एवं किसानों का शोषण होने के संबंध में। मुख्यालय का पत्र कमांक / साख/सीबी1/ नर्मदापुरम-03/2024/2313 भोपाल दिनांक 14.10.2024 7 2. कार्यालयीन पत्र/सी0एम0 हेल्प0/2024/1195 नर्मदापुरम दिनांक10.10.2024 के विषयांतर्गत संदर्भित कार्यालयीन पत्र का अवलोकन करें, जिसमें माध्यम शिव कुमार रघुवंशी द्वारा की गई शिकायत के संबंध में आपकों 03 दिवस में जॉच कर जॉच प्रतिवेदन प्रेषित करने हेतु लेख किया गया था। किन्तु प्रतिवेदन आज दिनांक तक अप्राप्त है। उक्त शिकायत मुख्यालय के संदर्भित पत्र के माध्यम से भी इस कार्यालय को प्राप्त हुई है। जिसका निराकरण मुख्यालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा में किया जाना है।अतः पुनः आपकों निर्देशित किया जाता है कि उक्तानुसार पत्रों में वर्णित शिकायतों की तत्काल जाँच की जाकर इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

## कालेज में आरटीओ ने लगाया कैंप, 90 बने निशुल्क ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस



**सिवनी मालवा।** 16 अक्टूबर बुधवार को संभागायुक्त एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के नेतृत्व में परिवहन विभाग के दल द्वारा शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा में एक दिवसीय निशुल्क ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन कॉलेज प्राचार्य सौरभ दीवान, निरंजन बघेल, राजेश चौधरी के द्वारा हुआ। एक दिवसीय निशुल्क कैंप में बड़ी मात्रा में छात्र छात्राऐ शामिल हुए। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक लगे इस कैंप में 90 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए कॉलेज में लगभग 1500 विद्यार्थी अध्ययनरत है, जिनमे बहुतायत छात्र छात्राऐ वाहनों का इस्तेमाल करते है जिनकी सुरक्षा की दृष्टि से तथा नियमों के पालन के लिए लाइसेंस का उपयोग करना अति आवश्यक है, जिसके लिए आरटीओ विभाग द्वारा लगाए गए इस निशुल्क कैंप से छात्र छात्राओं को मदद मिलेगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ, आरटीओ से सौरभ दीवान, निरंजन, राजेश, सुरेंद्र, वीरेंद्र राजपूत आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## आरएमएस कार्यालय में लगी आग, बड़ा हादसा टला



**इटारसी।** प्रदेश के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन पर बुधवार को बड़ा हादसा होते होते टल गया, हम ऐसा इसलिए कह रहे है क्योंकि रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1पर स्थित आर एम एस कार्यालय में रखे एक पार्सल में भीषण आग लग गई थी। आग लगने के बाद कार्यालय में अफरा टफरी मच गई, कमरे में धुँआ ही धुँआ हो गया था, सांस लेने में भी समस्या होने लगी थी। आग कि सूचना जैसे ही आर पी एफ को लगी तो आर पी एफ स्टॉफ ने तत्काल आर एम एस ऑफिस पहुंचकर बैटरी को वहाँ से बाहर किया और उसमे लगी भीषण आग पर काबू पाया, आर एम एस प्रबंधक छविराम यदुवंशी ने बताया कि पार्सल मे बैटरी आई थी जिसमें अचानक आग लग गई जिसके दूसरे पार्सलो को नुकसान हुआ है, कोई जनहानि नहीं हुई है। आगजनी से स्टॉफ में भय का माहौल है।

**बड़ा हादसा टला :** प्रदेश के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते हो तो टल गया। अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बाजू में लगे खानपान स्टॉल पर भी आग लग जाती, पूर्व में भी प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित एक खान पान स्टॉल पर भीषण आग लग गई थी, जिसके चलते माल के साथ-साथ जन हानि भी हुई थी।

## नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर चलाया गया बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान...



**नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास व अन्य विभागों के संयुक्त दल के द्वारा बाल भिक्षावृती रोकथाम हेतु सर्च अभियान चलाया गया। दल में प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी म.बा.वि नर्मदापुरम, श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू, रेलवे पुलिस से हेड कांस्टेबल श्रीमति गीता, सत्यार्थी फाउंडेशन से श्री सचिन, श्रीमती आशा भदौरिया संबंधित क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। ज्ञातव्य है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास के आदेशानुसार 11 oct 2024 से 31 oct 2024 तक बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के सफल संचालन हेतु एडीएम डी के सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बबिता राठौर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में बाल भिक्षावृती रोकथाम दलों की बैठक गत दिवस लेकर विस्तृत निर्देश भी दिये गए थे। इसी तारतम्य में 16 अक्टूबर बुधवार को रेलवे स्टेशन नर्मदापुरम पर बाल भिक्षावृती रोकथाम दल द्वारा जब सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें कुछ संदिग्ध परिवार बच्चों के साथ पाए गए। उनकी तस्दीक कर उन्हें बच्चों की बेहतर परवरिश एवं बाल अधिकार संबंधी समझाइश दी गई, व परिवार को समझाइश देकर उनके गृह ग्राम भेजा गया।

### एक वर्ष पूर्व की छोटी सी रंजिश को मन में दबाकर रखा था हत्या का आरोपी

# आठ दिन की मशक्कत के बाद आरोपी केसला पुलिस की गिरफ्त में आया

## एसपी ने की आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम को ईनाम देने की घोषणा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

केसला थानांतर्गत 5 अक्टूबर को ग्राम खोहरा में हुई एक आदिवासी युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने एक सप्ताह की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार सुलझा ही ली है। इस अंधेकत्ल की गुत्थी को सुलझाने केसला, रामपुर, पथरोटा और इटारसी की पुलिस ने एक साथ काम किया। हत्या के आरोपी की एक गलती ने उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आज पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। मामला एक वर्ष पूर्व ग्राम खोहरा निवासी दो युव की शराब के नशे में हुए विवाद के बाद बढा। आरोपी ने रंजिश को एक वर्ष तक दबाए रखा और मृतक युवक को रंजिश का आभास ही नहीं होने दिया। एक दिन मौका पाकर उसने कुल्हाड़ी से वार करके अपने ही हम प्याला साथी को मौत की नींद सुला दिया। पुलिस के लिए यह चुनौतीपूर्ण मामला था, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आखिरकार 8 दिन की मेहनत के बाद सुलझा लिया है। आरोपी कमल किशोर नागले अब पुलिस की गिरफ्त में आ गया है, पुलिस के समक्ष उसने घटना कबूल भी कर ली है।

### 6 अक्टूबर को मिली थी पुलिस को सूचना

केसला पुलिस ( डायल-100 ) के पास 6 अक्टूबर को सूचना आयी थी कि ग्राम खोहरा के रहने वाले कमल किशोर धुर्वे का शव चांदकिया नर्सरी में पड़ा है, जिसके चेहरे एवं गाल तथा गर्दन पर चोट के निशान हैं। केसला पुलिस दल मौके पर पहुंचा, एफएसएल अधिकारी पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई। एसपी गुरकरनसिंह के मार्गदर्शन, एएसपी आशुतोष मिश्रा एवं एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी केसला निरीक्षक श्रीनाथ झरवड़े के नेतृत्व में थाना प्रभारी पथरोटा एसआई संजीव पवार, थाना प्रभारी रामपुर गुर्रा एसआई विपिन पाल एवं अन्य स्टाफ की टीम ने लगातार आठ दिन की मेहनत के बाद मृतक



कमलकिशोर धुर्वे के अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए एक आरोपी कमलकिशोर नागले को गिरफ्त किया।

### एक वर्ष की रंजिश बनी मौत की वजह

एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व कमल किशोर नागले ने कमल किशोर धुर्वे को शराब पीने का कहकर अपने साथ ले गया था। शराब पीने के दौरान दोनों का विवाद हुआ तो नौबत मारपीट तक पहुंच गयी। इस दौरान कमल नागले का मोबाइल कहीं गुम हो गया तो उसने मोबाइल दिलाने को कहा। उसने सात हजार रुपए मांगे जो कमल धुर्वे ने नहीं दिये तो उसने इस बात को मन में रख लिया और एक वर्ष से मौके की तलाश करने लगा। इस एक वर्ष में कई बार दोनों ने साथ शराब भी पीयी, लेकिन उचित मौका नहीं मिला। 5 अक्टूबर को कमल किशोर धुर्वे अपने खेत जा रहा था तो कमल नागले उसे शराब पिलाने का लालच देकर साथ लाया और चांदकिया नर्सरी में पीछे से उस पर कुल्हाड़ी से बार करके गिराया और लगातार कई। करके उसे मौत के घाट उतार दिया।

### पुलिस के कैसे पकड़ में आया आरोपी

पुलिस ने आठ दिन तक गांव में रहकर अपने मुखबित तंत्र को सक्रिय किया। लगातार पूछताछ के दौरान एक मुखबिर ने बताया कि घटना वाले दिन कमल किशोर नागले उसे मिला था। वह शराब पीने जा रहा था तो उसकी शर्ट में पीठ तरफ खून के दाग देखकर उसने उससे पूछा कि यह खून कैसे लगा तो आरोपी ने उसे टालते हुए कहा कि चलो शराब पीते हैं। इस दौरान मुखबिर ने दो तीन बार पूछा तो आरोपी को लगा कि कहीं मामला खुल न जाए तो उसने अपनी टपरिया में जाकर घटना के दौरान पहना शर्ट भी छिपा दिया, जहां उसने कुल्हाड़ी छिपायी थी। पुलिस ने अरोपी कमलकिशोर पिता सिकदार नागले, 29 वर्ष को गिरफ्तार किर घटना के दौरान पहने कपड़े और कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली।

### ये थे पुलिस टीम में शामिल

पुलिस टीम में निरीक्षक श्रीनाथ झरवड़े थाना प्रभारी केसला, थाना प्रभारी पथरोटा एसआई संजीव पवार, थाना प्रभारी रामपुर गुर्रा एसआई विपिन पाल, एएसआई अनिल शर्मा, भोजराज वरवड़े, सुरेन्द्र सराठे, प्रधान आरक्षक विनोद राजपूत, युयुत्स यादव,मनोज महालहा, कपिल कौशल, बबलू बटके, संजय नरें, महेश साहू, मनोज डोंगरे, जितेन्द्र करछले, सुरेश धुर्वे, अमित धुर्वे, ब्रजलाल धुर्वे, प्रेम बड़ोदे, टिल्लू उईके, थाना पथरोटा के आरक्षक सियाराम टेकाम, प्रआर दिनेश उईके, सैनिक रूपसिंह, थाना इटारसी के आरक्षक ब्रज नरें, तुलसीराम कोडले शामिल रहे।

## नर्मदा कॉलेज की महिला बास्केटबॉल टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता जीती



**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के कैलेंडर अनुसार शासकीय होम साइंस महाविद्यालय में बास्केटबॉल महिला जिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा कॉलेज की महिला बास्केटबॉल टीम सम्मिलित होकर विजेता रही ।जिसमें मुस्कान सोलंकी, मुस्कान पटवा, मनीषा विश्वकर्मा, एकता राजपूत, सिल्वी नागर , स्वाति रामदेव, निकिता यादव, काजल हरियाले, सुरभि नागर ,ने भाग लिया। छात्राओं को प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने बधाई दी ।साथ ही डॉ संजय चौधरी, डॉ कमल वाधवा, डॉ रवि उपाध्याय डॉ महेश मानकर, डॉ एन आर अडलक,डा मुकेश बिष्ट एवं दल व्यवथापक श्रीमति स्नेहा दुबे एवं अन्य प्राध्यापकों, कर्मचारियों ने बधाई दी।

### इटारसी की प्रमुख सडकों पर 90 लाख रुपये से बनने वाले पाथवे का भूमिपूजन

## सांसद ने कहा..काम बिगडने पर मत बोलना,नजर रखें



**इटारसी।** मुख्यमंत्री ग्राम सडक एवं अवसंरचना विकास योजना के तहत इटारसी शहर में 90 लाख रुपये लागत से विभिन्न प्रमुख सडकों के किनारे बनने वाले पाथवे का भूमिपूजन क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष इटारसी पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा द्वारा किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा यह कार्य कराया गया है।

भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि काम वाटर लेबल मिलाकर प्रमाणिकता से हो जाए। सांसद श्री सिंह ने शहर की जनता से कहा कि आपको काम खडे होकर देखना है, हमारा काम योजन लाना है, विकास करना है। उन्होंने कहा कि काम बिगने के बाद मत बोलो, काम बिगड न पाए इसलिए पहले बोलें। जनभागीदारी का यही मतलब है। सांसद श्री सिंह ने कहा यह सिर्फ विधायक, नपाध्यक्ष, पार्षद की जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सबकी जिम्मेदारी है, क्योंकि यह इटारसी हमारी है और हम सब इसके हैं, यह भाव हमें रखना चाहिए। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि शहर की सभी प्रमुख सडकों पर पेयबल ब्लॉक लगाकर पाथवे बना रहे हैं, इससे शहर की सुंदरता तो बढेगी ही, साथ में पेयबल ब्लॉक से बरसात का पानी भी जमीन के अंदर जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्दी ही सांसद श्री सिंह के साथ बैठकर शहर के प्रमुख मुददों पर चर्चा करेंगे और विकास की गति को तेज गति से आगे बढाएंगे।

**मेट्रो एंकर**

### संभागायुक्त बोले -सभी निर्माण कार्यों में समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए

# जल संसाधन विभाग टेल एरिया तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जल संसाधन विभाग नहर का पानी टेल एरिया तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, नहर का फ्लो टेल तक अनिवार्य रूप से जाएं। नहर के मेंटेनेंस का कार्य जल्द ही समाप्त किया जाए। नहरो की झाड़ियां की सफाई कर नहरो को सुचारू रूप से आगामी दिनों में चलाया जाए। उक्त निर्देश नर्मदापुरम संभागायुक्त के जी तिवारी ने बुधवार को जल संसाध संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिए।

संभागायुक्त ने लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके सड़क के कार्य की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के सभी प्रोजेक्ट की सघन मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से की जाए, कोई भी प्रोजेक्ट में अनावश्यक विलंब ना हो। संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन कुछ सड़कों के बीच में स्थित इलेक्ट्रॉनिक पोल शिफ्टिंग ना होने से उत्पन्न हो रही बाधा को देखते हुए निर्देश दिए कि विद्युत विभाग और प्रधानमंत्री सड़क विभाग योजना विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से समन्वय कर पोल शिफ्टिंग का कार्य कराए।



हाउसिंग बोर्ड की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड नए प्रोजेक्ट हाथ में ले। बताया गया कि हाउसिंग बोर्ड बैतूल में जेल का निर्माण कार्य कर रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत सीएससी में 14 लैब का निर्माण कार्य भी कर रहा है। इटारसी के डिग्री कॉलेज के मेंटेनेंस का कार्य भी विभाग द्वारा किया जा रहा है। संभागायुक्त ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि किसानों को बिजली सप्लाई निर्बाध गति से की जाए। उन्होंने कहा कि पचमढ़ी में बिजली गुल होने की समस्या व्यापक रूप से है। अतः पचमढ़ी में बिजली सप्लाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।संभागायुक्त ने एमपीआरडीसी विभाग की भी समीक्षा की। बताया गया कि विभाग के पास मेंटेनेंस का कार्य ही शेष बचा है। नर्मदापुरम संभाग में 742 किलोमीटर सड़के हैं जिनके मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इनमें प्रमुख रूप से नर्मदापुरम से हरदा खंडवा रोड, नर्मदापुरम पिपरिया पचमढ़ी रोड है जिसके मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के पीआईयू विभाग की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने निर्देश दिए की नर्मदापुरम में संचालित 29 कार्य को समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों को भी निर्देश दिए की वे संभाग में शुरू किए गए ब्रिज निर्माण के कार्य को प्राथमिकता से पूरा करें। बताया गया कि बारिश के चलते तवा ब्रिज का काम रुका हुआ था जिसे अब शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। सोना साबरी में आरोबी ब्रिज में फाउंडेशन का कार्य चल रहा है। शोभापुर से तरौन कला ब्रिज का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। कुल संभाग में 36 कार्य स्वीकृत है। संभागायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक यंत्री को निर्देश दिए की वे नर्मदापुरम एवं पचमढ़ी में विभाग के शासकीय आवासो की सूची का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराए और यह सुनिश्चित करें कि शासकीय आवास में आवंटित कर्मचारी ही रह रहा है कि नहीं यदि कोई अवैध रूप से रहता पाया जाए तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नहर के मेंटेनेंस का कार्य चालू है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता है। बताया गया कि बैतूल में 6 प्रोजेक्ट चल रहे हैं, 80त्न कैनाल सिस्टम बनाया गया है जून 2025 तक सिस्टम कंप्लीट हो जाएगा। सोहागपुर में डैम बनाने का एक प्रोजेक्ट एवं सिवनी मालवा में भी एक प्रोजेक्ट चिन्हित किया गया है।

## आरटीओ ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 31/3 में आरटीओ द्वारा भ्रमण किया गया। आरटीओ निशा चौहान द्वारा खेल खेल में बच्चों की गतिविधि का अवलोकन किया गया। आंगनवाड़ी भ्रमण के दौरान अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित पाए गए। उपस्थित बच्चों के साथ आरटीओ अधिकारी के द्वारा खेल-खेल में शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों का आनंद लिया गया। पर्यवेक्षक श्रीमती आशा भदौरिया द्वारा उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की प्रगति के विषय में बताया गया एवं बताया किस प्रकार से आंगनबाड़ी में आकर बच्चे खेल-खेल में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। किस प्रकार देखकर, चीजे छूकर, करके देखने से बच्चों का मानसिक विकास होता है के संबंध में जानकारी दी गई। विभिन्न गतिविधियों का आयोजन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सीमा गोहले द्वारा कराया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर प्राप्त होने वाला नाश्ता एवं भोजन क्वालिटी के संबंध में आरटीओ द्वारा अभिभावकों से चर्चा की गई। अभिभावको द्वारा नाश्ता भोजन की गुणवत्ता अच्छी है की पुष्टी की गई। निरीक्षण में आरटीओ अधिकारी द्वारा बच्चों को निरंतर आंगनवाड़ी भेजने के लिये वॉर्ड वासियो को प्रेरित किया गया। आंगनवाड़ी में बच्चों का ठीक ढंग से शारीरिक विकास होता है सभी वार्ड वासियों से अनुरोध किया गया कि वह अपने बच्चों को नियमित भेजें व शासन की योजनाओं का लाभ ले व अपने बच्चे के विकास के लिये जागरूक बने।

## सिरोंज में कई खुले पड़े नाले, सुरक्षा दीवार तक नहीं

# कस्टम पथ पर खुला नाला और टूटी दीवार दे रही हादसे को आमंत्रण

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर में कई नाले ऐसे है जिनमे कभी भी कोई हादसा हो सकता है इसी प्रकार का नाला शहर के बीच कस्टम पथ स्थित मुख्य मार्ग पर नाले के ऊपर बनी पुलिया की दीवार कई महीनों से क्षतिग्रस्त है। जबकि यह नगर की मुख्य सड़क है, इसी सड़क से होकर प्रतिदिन 100 से अधिक गांवों के लोग खरीदारी करने के लिए आते हैं। क्योंकि इसी मार्ग से होकर मुख्य बाजार जाना होता है।



यदि आप शहर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं तो अधिकांश लोगों को इसी मार्ग से होकर जाना पड़ता है शहर में निकलने वाले चल समारोह एवं अन्य तरह के आयोजनों के दौरान भी इसी रास्ते से होकर बड़ी संख्या में भीड़ भी निकलती है। सबसे व्यस्ततम क्षेत्र होने के बावजूद भी नपा प्रशासन गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहा है। यही वजह है कि कई महीनों से टूटी उक्त पुलिया के ऊपर की दीवार को दुरुस्त नहीं कराया गया है। जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

स्थानीय रहवासी बताते हैं कि विगत दिनों पूर्व स्कूल जाते समय दो बच्चे साइकिल के साथ उसमें गिर गए थे, गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोट तो नहीं लगी लेकिन रोते हुए बच्चों को बड़ी मुश्किल से निकाला था। ऐसे ही कुछ दिन पहले एक गाय और बछड़ा भी नाले में गिर चुका है। वार्ड के लोग भी कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जबकि नाले के ऊपर कि यह दीवार कई महीनों से टूटी पड़ी है इसके अलावा यह पूरा नाल वर्षो से खुला है। जिसके कारण इसमें गंदगी और मच्छर के कारण स्थानीय वार्डवासियों को परेशानियों का सामना हर दिन करना पड़ रहा है। लोग बीमार भी हो रहे हैं। जबकि वर्तमान में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी पांव पसारती जा रही है। लेकिन जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए बैठे हैं। आपको बता दें कि यह स्थिति शहर की किसी एक सड़क या नाले की दीवार की नहीं है, शहर के अंदर बाहर ऐसे दर्जनों नाले है जहां स्थिति गंभीर है। वाहन चालकों के लिए यह आफत बने हुए हैं, सड़क से होकर निकलने वाले वाहन चालक आए दिन अनियंत्रित होकर नाले में गिरकर हादसों का शिकार हो जाते हैं। कस्टम पथ स्थित यह नाला किसी बड़ी अनहोनी को निमंत्रण दे रहा है, मगर प्रशासनिक अधिकारी अभी भी मूक बने हुए हैं।

इसी सड़क से होकर निकलते हैं स्कूली बच्चे - खुले नाले की पुलिया से होकर दिनभर ट्रैफिक गुजरने के साथ सीएम राइज स्कूल के लिए पढ़ने जाने वाले छात्र छात्राओं सहित दुकानदारों एवं आम नागरिकों की जान जोखिम में है। प्रशासन के अधिकारियों को जल्द ही कस्टम पथ स्थित इस क्षतिग्रस्त नाले की दीवार को सुरक्षित करना चाहिए। क्योंकि सड़क पर दौड़ने वाले वाहन कई बार अनियंत्रित होकर खुले नाले में चले जाते हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए इन नालों को सही कराना चाहिए। पूर्व में दो बार स्कूली बच्चे गिर भी चुके हैं।

### लिंक रोड किनारे पर खुले नाले पर हुआ हादसा

एक तरफ जहां कस्टम पर स्थित नाले के ऊपर महीनों से दीवार टूटी पड़ी है तो वहीं लिंक रोड की सड़क किनारे आरोग्य हॉस्पिटल के पास चौराहा है, जहां रोड क्रॉसिंग के दौरान साइड में खुला नाला आए दिन हादसे का कारण बन रहा है। गतदिवस मुख्य सड़क पर वाहन क्रॉसिंग के दौरान दो युवा बाइक के साथ उक्त 10 फीट गहरे नाले में जा गिरे, गनीमत रही की गाड़ी अलग और दोनों युवा थोड़े दूर जाकर फिक गए, स्थिति गंभीर है। वाहन चालकों के लिए यह आफत बने हुए हैं, सड़क से होकर निकलने वाले वाहन चालक आए दिन अनियंत्रित होकर नाले में गिरकर हादसों का शिकार हो जाते हैं। कस्टम पथ स्थित यह नाला किसी बड़ी अनहोनी को निमंत्रण दे रहा है, मगर प्रशासनिक अधिकारी अभी भी मूक बने हुए हैं।

### इनका कहना है

*दीवार टूटते ही इंजीनियर और अधिकारियों को अवगत करा दिया था। इंजीनियर और अधिकारियों ने मौका मुआयना भी कर लिया है, जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।*

**रजनी संजय सोनी, पार्षद वार्ड 13**

*जल्द ही कस्टम पथ स्थित नाले के ऊपर टूटी दीवार का निर्माण कार्य करवाया जाएगा और जहां-जहां भी इस तरह की स्थिति है, उन सब को चिह्नांकित कर उचित व्यवस्था की जाएगी।*

**रामप्रकाश साहू, प्रभारी सीएमओ नपा**

# मंडी में हुई 17000 से अधिक बोरो की आवक लगा वाहनों का लंबा जाम

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बुधवार को कृषि उपज मंडी में 17000 से अधिक बोरो की आवक दर्ज हो जिसके चलते मंडी में चारों तरफ किसानों की ट्रैक्टर ट्राली दिखाई दे रहे थे। शाम के समय यातायात का भारी दबाव होने के कारण मंडी बायपास मार्ग पर काफी लंबा जाम लग गया जिसको खुलवाने में यातायात पुलिस के जवानों को भी पसीना आ गया कड़ी मेहनत के बाद जाम खुलवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया दूसरी ओर आवक बढ़ने के साथ बुधवार को सोयाबीन के दामों में 100 की गिरावट दर्ज होने के साथ कई किसानों को फसलों के दाम कम मिल रहे थे तो वहां अपनी उपज को वापस ले जाते हुए भी नजर आए किसानों का कहना था कि वैसे ही लागत की अपेक्षा में पैदावार कम हुई है ।दूसरी ओर दाम कम मंडी में मिलना है इस वजह से हम लोग अपनी उपज को वापस लेकर जा रहे हैं । सरकार के द्वारा घोषित किया गया समर्थन मूल्य से नीचे वैसे ही सोयाबीन की नीलामी हो रही सोयाबीन के दाम 3000 से लेकर 3500 तक ही मिल रहे हैं । बहुत कम संख्या में ही किसानो रेट 4500 से ऊपर मिल रहें हैं।



# युवती ने पीया जहरीला पदार्थ हुई मौत




सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

दीपना खेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पारध में 22 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली इसके बाद परिजन गंभीर हालत में उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए जहां पर डॉक्टर ने उसकी मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर दीप ना खेड़ा पुलिस पहुंची घटना मंगलवार की रात्रि की थी बुधवार को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में पीएम करा कर शब परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि पारध में गायत्री शर्मा उम्र 22 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया इसके कारण उसकी मृत्यु हो गई है। मर्ग कायम करके मामले को जांच में लिया है किस कारण से उसने जहरीला पदार्थ खाया उसकी अभी कोई जानकारी नहीं मिली हैं। पीएम रिपोर्ट आने तथा जांच के बाद ही करणो का पता चल पाएगा।



# देवपुर में अनियंत्रित होकर रेत से भरा डंफर पलटा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

आरोन मार्ग पर देवपुर मंदिर के पास में रेत से भरा हुआ डंफर पलट गया गनीमत रही कि इसकी चपेट में कोई नहीं आया नहीं तो बड़ी जनहनि भी इसके कारण हो सकती थी उस समय कोई वाहन इस दौरान नहीं निकल रहा था नहीं तो वहां भी चपेट में आ सकता था क्योंकि इस मार्ग पर वैसे ही यातायात का दबाव रहता है मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आने-जाने का सिलसिला रहता है। अधिकारी के अनुसार मोड तेज गति से मोड़ने के दौरान रेत से भरा हुआ डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके बाद ग्रामीणों ने ट्रक में बैठे ड्राइवर को बाहर निकलवा कर उसकी हालत देखी पर किसी को किसी भी तरह की कोई गंभीर चोट नहीं आई काफी देर तक यातायात भी डंपर पलटने की वजह से प्रभावित हुआ।

# सोयाबीन उपार्जन पंजीयन 20 अक्टूबर तक, अब तक 18620 किसानों ने कराया पंजीयन

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

खरीफ उपार्जन वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन के लिये किसान पंजीयन 20 अक्टूबर 2024 तक किये जाएंगे। जिले में अब तक 18620 किसानों के द्वारा सोयाबीन फसल का पंजीयन कराया गया है। पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था जैसे स्वयं के मोबाईल, एमपी किसान एप के माध्यम से, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रो पर एवं पूर्व वर्ष की भांति सहकारी समितियों द्वारा (सिकमी ध्बटाईदार ध्कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी) अतः कृषक भाईयों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में सोयाबीन फसल का पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य पर अपनी उपज का विक्रय करें। साथ ही किसान बंधु ध्यान दें कि सोयाबीन फसल का पंजीयन कराने से पहले आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर को लिंक अवश्य करा लें। अधिक जानकारी हेतु कंट्रोल रूम दूरभाष क्रमांक 07592-233153 पर संपर्क किया जा सकता है।

# आज से कार्तिक महोत्सव प्रारंभ, त्रिपुर सुंदरी घाट पर होंगे कार्तिक स्नान एवं दीपदान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

प्रतिवर्ष अनुसार धर्माचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा के सद्प्रयास एवं आर्शीवाद से विराट कार्तिक महोत्सव आयोजित किया जाता है आज से कार्तिक महोत्सव प्रारंभ हो रहा है जिसको लेकर श्री कार्तिक महोत्सव समिति के द्वारा अपनी तैयारिंया पूरी कर ली है जिसमें पचकुईंया स्थित त्रिपुर सुंदरी घाट पर प्रातः 04:00 बजें स्नान , 05:30 बजें आंवला तुलसी पूजन के साथ कपित्थ गंगा कैथन की आरती एवं दीपदान किये जायेंगे जिसको लेकर शीतला माता मंदिर पचकुईंयो पर पंजीयन की व्यवस्था समिति के द्वारा की गई है।

कार्तिक मास 17 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 नवंबर तक चलेंगा पुराणो में इस महीने को बहुत खास बताया गया है हिन्दी पंचाग का आठंवा महीना कार्तिक तीज त्यौहार के लिहाज से बहुत खास है इसी महीने में धन तेरस , दीपावली , गोवर्धन पूजा , भाई दूज छठ पूजा , देवउठनी एकादशी जैसे बड़े उत्सव रहते है यह माह 15 नवंबर तक चलेंगा , इस महीने में सबसे खास काम दीपदान करना होता है इस महीने में मंदिर , तुलसी आंवले का पेड़ कुऐं बावड़ी और तालाब के किनारे दीपदान किया जाता है इससे कभी न खत्म होने वाला पुण्य मिलता है।





### 3 नवंबर से भगवत कथा, 14 नवंबर को हरिहर मिलन समारोह होगा आयेजित

कार्तिक महोत्सव में 3 नवंबर से भागवत कथा सप्ताह रहेंगा एवं 10 नवंबर को नगरपरिक्रमा सुबह प्रातः 07:00 बजें पुराने कार्तिक घाट से प्रारंभ होंगी एवं 14 नवंबर को शाम 05 बजें से श्री शीतला माता मंदिर पचकुईयों से श्री महामृत्यूंजय महादेव की पालकी विमान यात्रा प्रारंभ होंगी जो शाम 05:15 बजें मां त्रिपुर सुंदरी घाट पर शिव गंगा पूजन के पश्चात नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई यात्रा श्री भगवान मदन मोहन सरकार के मंदिर पर पहुंचेगी जहां शाम 07:30 पर हरि हर मिलन उत्सव संपन्न होंगा ।

**मेट्रो एंकर**

## लंबित आवेदनों की समीक्षा000

# समग्र आईडी व आधार कार्ड से कोई वंचित ना रहे : कलेक्टर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि समग्र आईडी व आधार कार्ड से जिले का एक भी नागरिक वंचित ना रहें। शासन की किसी भी योजना का लाभ दिलाने के लिए इन दोनो का होना आवश्यक है। उन्होंने समग्र आईडी व आधार कार्ड के आधार पर अमूक व्यक्ति किन-किन योजनाओं से लाभांवित होने के लिए पात्रता रखता है का ग्राम स्तर पर ही खाका तैयार कर उन योजनाओं से शत प्रतिशत लाभ दिलाकर शासन की मंशा से लाभांवित करें।



कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों व तहसीलदारो को निर्देश दिए है कि हरेक पंचायत में पटवारियों की मौजूदगी सुनिश्चित कराई जाए। पटवारी की उपस्थिति दर्ज होने से ग्राम पंचायतो के संचालन में भी परोक्ष रूप से मदद मिलेगी। उन्होंने गत दिवस सीएस द्वारा व्हीसी में दिए गए निर्देशो पर गहन प्रकाश डालते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जानकारियों के अभाव में हितग्राही परेशान ना हो के लिए स्थानीय स्तर पर नवाचार कर शासकीय योजनाओं की जानकारियां अविलम्ब प्राप्त हो ऐसी कार्यप्रणाली अपनाएं।

**सूची का प्रदर्शन** - कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकांश आवेदन आवास प्राप्ति के आवेदन प्रस्तुत करते है ऐसे सभी आवेदको को आवास आवंटन की प्रक्रिया की जानकारियां प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि आवंटन के कार्यो, दस्तावेंजो के संधारण में कहीं बिचौलियां शामिल ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आवास आवंटन के लिए संधारित सूची का प्रदर्शन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत में अनिवार्य रूप से किया जाए इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में प्रक्रिया अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि आवेदको को सूची की जानकारी प्राप्त नहीं होने पर उन्हें ऐसा लगता है कि उनका नाम सूची में शामिल नहीं है और वे प्राप्ति के लिए इधर उधर भटकते है ऐसे समय अनेक बिचौलिया ठगी का कार्य करते है और आमजन धोखाधडी के शिकार हो जाते है।

**यूरिया** - कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में खाद के भण्डारण कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी सहकारी समितियों में फ्लेक्स लगाकर भण्डारित खाद, जिसमें यूरिया, डीएपी व डीएपी के विकल्प के रूप में उपयोग किए जाने वाले खादो की जानकारियां अनिवार्य रूप से प्रदर्शित हो। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पोर्टल पर खाद संबंधी तमाम जानकारियां दिखाई दें इसके लिए डाटा हर रोज पोर्टल पर दर्ज कराने की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। जिले को प्राप्त होने वाले खाद रेकों की जानकारियां किसानो तक सुगमता से पहुंचे इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हर स्तर पर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने समिति वार भण्डारित खादों की मात्रा का जायजा लेते हुए संबंधितों को निर्देशित किया है कि जिले में कहीं भी खाद के लिए त्राही ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन समितियों में दो क्विंटल से कम खाद है वहां भण्डारित कराने की प्रक्रिया एक दिन पूर्व ही सुनिश्चित की जाए। हर एक समिति व निजी खाद विक्रेताओं की दुकानो पर फ्लैक्स के माध्यम से तमाम जानकारियां प्रदर्शित की जाए ताकि किसानो को आवश्यकता के अनुसार सुगमता से खाद की प्राप्ति हो सके। उन्होंने निजी विक्रेताओं की दुकानो पर सतत नजर रखने हेतु निरीक्षण प्रक्रिया को कारगर रूप से प्रभावशील बनाए जाने हेतु समस्त एसडीएमों को निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि डबल लॉक से खादों का परिवहन दिन में ही किया जाएगा रात्रि में कोई भी वाहन खाद इधर से उधर ट्रांसपोर्ट नहीं करेगे। उन्होंने खाद परिवहन को क्रियान्वित करने वाले वाहनो की मानिटरिंग के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

### पटाखे विक्रेता व स्थलों का सत्यापन

कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम व तहसीलदारो को निर्देशित किया है कि दीपावली पर्व के पहले जिन क्षेत्रों में पटाखो की दुकाने संचालित की जानी है। उन क्षेत्रों का तथा दुकानदारो के द्वारा पटाखे के संबंध में जारी गाइड लाइन का अक्षरशः पालन करें इसके लिए पटाखे विक्रेताओं को तमाम जानकारियों से अवगत कराया जाए और अस्थायी लायसेंस जारी के दौरान सभी कंडिकाओं की प्रतियां अनिवार्य रूप से प्रदाय की जाए ओर उनके द्वारा विक्रय स्थलों पर उसका पालन किया जा रहा है कि नहीं कि क्रास मानिटरिंग व्यवस्था क्रियान्वित करें। बैठक में बताया गया कि अस्थायी पटाखे दुकान संचालन हेतु ऑन लाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है। जिले में पूर्व से पटाखा व्यवसाय करने वालो को ही लायसेंस जारी करने में प्राथमिकता दी जाएगी। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य प्लेटफार्मो से प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम का ऐजेण्डा जारी किया गया है जिन विभागो की योजना व कार्यक्रमों पर आधारित बिन्दुएं ऐजेण्डा में शामिल है उन विभागो के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विदिशा जिले का एक भी आवेदन शामिल ना होने पाएं आयोजन के पूर्व निर्धारित ऐजेण्डा बिन्दुओं का अधिक से अधिक समाधान करें। बैठक में राजस्व वसूली के संबंध में भी विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टेऊट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोहिनी शर्मा, श्रीमती शशि मिश्रा, विनीत तिवारी, डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया, विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा सहित अन्य सभी विभागो के जिलाधिकारी मौजूद थे। वही खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया है।

# एशेज सीरीज का शेड्यूल हो गया जारी, 21 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा पहला मुकाबला



**मेलबर्न, एजेंसी**

एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शेड्यूल जारी किया। इसके अनुसार 142 साल पुरानी इस सीरीज का पहला मुकाबला 21 से 25 नवंबर के बीच पर्थ में खेला जाएगा। 1982-83 के बाद पहली बार इस सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिसबेन की बजाय पर्थ में हो रहा है। इस बार इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही है। पिछले सीजन में सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। तब ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड का दौरा किया था। दुनिया की सबसे पुरानी सीरीज द एशेज की शुरुआत 1882 में हुई थी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 1877 से टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। दुनिया का पहला टेस्ट मैच भी इन्हीं देशों के बीच खेला गया था। यह मुकाबला 15 से 19 मार्च 1877 को मेलबर्न में खेला गया। बाद में इसी सीरीज का नाम 'एशेज' पड़ा। कंगारुओं ने 34 सीरीज जीतीं, इंग्लैंड ने 32 ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुई एशेज में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी है।

### डॉन ब्रैडमैन आज भी एशेज के टॉप स्कोरर

डॉन ब्रैडमैन आज भी एशेज के टॉप स्कोरर एशेज सीरीज के टॉप 5 बैटर में से 3 ऑस्ट्रेलिया के हैं। इन बल्लेबाजों में सबसे पहला नाम डॉन ब्रैडमैन का आता है। ब्रैडमैन ने साल 1928 से साल 1948 के बीच 37 मैच में 5048 रन स्कोर किए। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर के टॉप बैटर जैक हॉब्स हैं। साल 1908 से 1930 के बीच हॉब्स ने 41 मैच में 3636 रन बनाए। एक्टिव प्लेयर्स में स्टीव स्मिथ टॉप पर हैं, उन्होंने 37 मैच में 3417 रन बनाए हैं। इसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट हैं। रूट ने 34मैच में 2428 रन स्कोर किए। शेन वॉर्न ने लिए हैं सबसे ज्यादा विकेट एशेज के टॉप 5 गेंदबाजों में भी ऑस्ट्रेलिया के 4 शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के लीजेंडरी स्पिनर शेन वॉर्न टॉप पर हैं।



# लेवलिंग ने पदार्पण मैच में दागा गोल, जर्मनी क्वार्टरफाइनल में

## 2019 के बाद पहले हाफ में एक भी शॉट नहीं लगा सकी डच टीम

**म्यूनिख. एजेंसी**

जेमी लेवलिंग के पदार्पण मैच में किए गए शानदार गोल की बदौलत जर्मनी ने यूएफा नेशंस फुटबॉल लीग के क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। जर्मनी ने ग्रुप-ए3 मैच में नीदरलैंड्स को 1-0 से हराया। 23 साल के लेवलिंग ने मैच के 64वें मिनट में गोल किया जो अंततः निर्णायक साबित हुआ। लेवलिंग को जमाल मुसियाला के चोटिल होने पर टीम में शामिल किया गया था। मौका मिलने पर लेवलिंग ने शानदार खेल दिखाया। लेवलिंग ने मैच के दूसरे ही मिनट में गोल कर दिया था, लेकिन उसे वीडियो असिस्टेंट रेफरी समीक्षा में ऑफसाइड करार दे दिया गया। नीदरलैंड्स का इस मैच में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम 2019 के बाद पहली बार किसी मैच के पहले हॉफ में एक भी शॉट गोलपोस्ट तक नहीं पहुंचा पाई। तब पुर्तगाल के खिलाफ मैच में डच टीम विफल रही थी। अब 16 नवंबर को जर्मनी का सामना बोस्निया हर्जेगोविना से और नीदरलैंड्स का की भिड़ंत हंगरी से होगी।

**फ्रांस की बेल्जियम पर दूसरी जीत:** रैंडल कोलो मुआनी के दो गोल से फ्रांस ने बेल्जियम को उसके घरेलू मैदान पर 2-1 से हरा दिया। नेशंस लीग में यह फ्रांस की बेल्जियम पर दूसरी जीत है। मुआनी ने मैच के 35वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला और उसके बाद 62वें मिनट में अपना और टीम का दूसरा गोल दागा। इटली और इजरायल के बीच नेशंस लीग मैच बेहद कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच खेला गया।

## विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल आज

# डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सामना साउथ अफ्रीका से होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल आज डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला दुबई क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। पिछ्ला यानी 2023 का फाइनल इन्हीं दोनों टीमों के बीच खेली गया था। जहां ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को 19 रन से हराकर खिताब जीता था। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच 18 अक्टूबर को होगा। ऑस्ट्रेलिया पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर रही ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप-ए में लीग स्टेज में अपने चारों मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर रही थी। वहीं, साउथ अफ्रीका ने चार में से अपने तीन मुकाबले जीते थे और वह ग्रुप-बी के पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने हर एडिशन के सेमीफाइनल में बनाई जगह विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया इकलौती ऐसी टीम है, जिसने हर एडिशन में सेमीफाइनल में जगह बनाई है। टीम ने सबसे ज्यादा 6 बार टूर्नामेंट का खिताब जीता है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने एक-एक बार जीता है।



### अब तक चेज करने वाली टीम ने 9 मुकाबले जीते हैं

पिच रिपोर्ट और रिकॉर्ड दोनों टीमों का यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाना है। यहां की पिच बैटिंग-फ्रेंडली है। शुरुआत में तेज गेंदबाज को भी मदद मिल सकती हैं। इस स्टेडियम में अब तक 15 विमेंस टी-20 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने 6 और चेज करने वाली टीम ने 9 मुकाबले जीते हैं। वेदर कंडीशन गुरुवार को दुबई में बादल रहेंगे। बारिश की 25त्न आशंका है। मैच वाले दिन यहां का तापमान 29 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच 18 अक्टूबर को होगा।

### साउथ अफ्रीका को पहले खिताब का इंतजार

साउथ अफ्रीका का चौथा सेमीफाइनल साउथ अफ्रीका को पहले खिताब का इंतजार है। टीम का यह चौथा सेमीफाइनल है। इसस पहले, टीम ने 2014, 2020 और 2023 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। टीम पिछले बार की रनर-अप है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केवल 1 टी-20 मैच जीत सका है साउथ अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया विमेंस टीम टी-20 क्रिकेट में साउथ अफ्रीका पर हावी रही है। दोनों के बीच 2009 से अब तक 10 मैच खेले गए हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया को 9 और साउथ अफ्रीका को केवल 1 मैच में जीत मिली है। वहीं, विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों के बीच 7 मुकाबले हुए। सभी मैच ने जीते हैं। पेरी ने सबसे ज्यादा रन बनाए इस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए एलिस पेरी ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 4 मैचों में 1018 रन बनाए हैं। मेगन शट ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। ब्रिट्स इस वर्ल्ड कप की टॉप रन स्कोरर तजमिन ब्रिट्स इस वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। ब्रिट्स इस वर्ल्ड कप की टॉप रन स्कोरर भी हैं। उन्होंने 4 मैचों में 155 रन बनाए हैं। वहीं नॉनकुलुलेको म्लाबा बॉलिंग में टॉप पर हैं। उनके नाम 4 मैचों में 9 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया की रेगुलर कप्तान हीली चोटिल मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की रेगुलर कप्तान एलिसा हीली को चोटिल हैं। वे आखिरी ग्रुप मुकाबले में भारत के खिलाफ नहीं खेली थीं। वे बैशाखियों के सहारे मैच देखने पहुंची थीं। उनकी गैरमौजूदगी में ताहलिया मैक्ग्रा ने कप्तानी की थी। हीली को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में दाहिने पैर में चोट लगी थी।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 ऑस्ट्रेलिया** : एलिसा हीली (कप्तान), बेथ मूनी, ताहालिया मैक्ग्रा, एलिस पेरी, एश्ले गार्डनर, फीब लीचफील्ड, जॉर्जिया वेयरहम, एनाबेल सदरलैंड, सोफी मोलेनिक्स, मेगन शट और डार्सी ब्राउन।

**साउथ अफ्रीका:** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, एनेके बॉश, मारिजान कैप, क्लो ट्रायॉन, सुने लुस, एनेरी डर्कसेन, नादिन डी क्लार्क, सिनालो जाफ्ता और नॉनकुलुलेको म्लाबा।



## मेट्रो बाजार

# सब्जियां इस साल 6 माह में इतनी महंगी, जितनी 10 साल में नहीं हुई



### लोगों का बिगाड़ा बजट

सब्जियों की बढ़ती महंगाई से अक्टूबर में भी राहत मिलने की खास उम्मीद नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भीषण गर्मी, असामान्य और बेमौसम बारिश लोगों की जेब पर भारी पड़ रही है। इससे फसलें बर्बाद हुई हैं, जिससे सब्जियों, दालों और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है। आरबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, सब्जियों की कीमतों में जितना उछाल वित्त वर्ष 2011-12 से 2019-20 की अवधि के दौरान आया, उससे ज्यादा तेजी चालू वित्त वर्ष के छह महीनों में दर्ज की गई है। 2011-12 से 2019-20 के बीच सब्जियों की कीमतों में 30.4 फीसदी की औसत वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष के छह महीने में 32.9 फीसदी की वृद्धि हुई है। सितंबर, 2024 में सब्जियों की महंगाई दर 35.99 फीसदी पर पहुंच गई, जो अगस्त में 10.71 फीसदी थी। इसी तरह अनाज, दूध, फल और अंडों की दाम भी बढ़े हैं। आलू 65 फीसदी, प्याज 66 फीसदी और टमाटर 42 फीसदी महंगा हुआ है। बैंगन, गाजर, पत्ता गोभी, परवल, पालक आदि 20 फीसदी उछला है। लहसुन के भाव भी 70 फीसदी तक बढ़ गए हैं। विशेषज्ञों ने कहा, अक्टूबर में भी महंगाई से राहत की उम्मीद नहीं है।

#### ये हैं चुनौतियां...

खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार झटकों ने मौद्रिक नीति के संचालन को चुनौती दी है। केंद्रीय बैंकों के समक्ष जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर चुनौतियां हैं। इससे खाद्यान्न और ऊर्जा की कमी और उत्पादक क्षमता में गिरावट जैसे आपूर्ति झटके की आशंका है। खुदरा महंगाई दर 2024-25 में औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

#### कब मिलेगी राहत

अक्टूबर में हमारी गणना में सब्जियों की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। अक्टूबर में भी खुदरा महंगाई 5.5त्न से 6त्न के बीच में बनी रहने का अनुमान है। लेकिन पिछले साल की तुलना में इस साल मॉनसून की बारिश अच्छी रही है। ऐसे में नवंबर से कीमतों में दबाव कुछ कम होगा, जब सब्जियों की कीमतों में गिरावट आनी शुरू होगी।

## कमोडिटी फंड की नई श्रेणी को मिल सकती है इजाजत

**मुंबई, एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी म्यूचुअल फंड्स के लिए कमोडिटी डेरिवेटिव स्कीम्स की एक अलग कैटेगरी शुरू कर सकता है। इस कैटेगरी में म्यूचुअल फंड ऐसी स्कीम शुरू कर सकेंगे, जो एक्सचेंज ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स (ईटीसीडी) के जरिए पूरी तरह से कमोडिटी में इनवेस्ट करेगा। यह एक्टिवली मैनेज्ड फंड होगा। अभी इस प्रस्ताव पर सेबी की एक कमेटी विचार कर रही है। म्यूचुअल फंडों को ईटीसीडी में निवेश करने की इजाजत पहले से है। लेकिन, अभी निवेश की सीमा तय है। कोई फंड अपना पूरा पैसा ईटीसीडी में निवेश नहीं कर सकता है। सेबी कमोडिटी स्कीम को सिंगल कमोडिटी में 30 फीसदी निवेश की इजाजत दे सकता है। इसमें से 20 फीसदी के लिए हेज जरूरी होगा, जबकि बाकी 10 फीसदी नैकेड या नेट लॉन्ग पोजीशन हो सकती है।

## सरकार ने किया साफ, मुफ्त नहीं मिलेगा सैटेलाइट स्पेक्ट्रम

**नईदिल्ली।** इंडियन मोबाइल कांग्रेस में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का मुद्दा छाया रहा। विवाद इस बात पर है कि स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के माध्यम से किया जाना चाहिए या प्रशासनिक तरीके से। स्टारलिंक और अमेजन जैसे ग्लोबल प्लेयर्स प्रशासनिक आवंटन के पक्षधर हैं, जहां स्पेक्ट्रम बिना नीलामी के आवंटित होता है। वहीं रिलायंस का तर्क है कि स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के जरिए ही होना चाहिए, ताकि सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित किया जा सके। अंबानी को भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल का भी साथ मिला है, जो पहले नीलामी के विरोध में थे। मित्तल ने कहा, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी उपग्रह संचार प्रदाता उन्हीं कानूनी शर्तों का पालन करें जिनका पारंपरिक दूरसंचार ऑपरेटरों को पालन करना होता है, जिसमें लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम की खरीदारी शामिल है। इस बीच केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने साफ किया कि सेटेलाइट स्पेक्ट्रम किसी को मुफ्त में नहीं दिया जाएगा।

**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना



# बेटी को अपनी व रणबीर की खास फिल्म दिखाना चाहती हैं आलिया

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अल्फा स्पाई थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में आलिया के साथ मुंजा अभिनेत्री शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। इसके अलावा आलिया लव एंड वॉर को लेकर भी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया ने अभी तक अपने बॉलीवुड करियर में कई बेहतरीन फिल्में कर चुकी हैं। लेकिन एक फिल्म ऐसी भी है, जो उनके हिसाब से ज्यादा बेहतर तो नहीं है, लेकिन फिर भी वह चाहती हैं कि इस फिल्म को उनकी और रणबीर कपूर की बेटी राहा कपूर तब देखे जब वह बड़ी हो जाएं। इसके अलावा आलिया चाहती हैं कि रणबीर की यह एक खास फिल्म रहा जरूर देखें। आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि उन्हें अपनी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर में अपने अभिनय पर ज्यादा पसंद नहीं है और ना ही इस फिल्म को लेकर उन्हें कोई गर्व महसूस होता है, लेकिन वह चाहती हैं कि उनकी बेटी राहा इस फिल्म के मजेदार गानों और डांस सीन्स के लिए यह फिल्म बड़ी होकर एक बार जरूर देखें। करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर ने भले ही आलिया भट्ट को बॉलीवुड में स्टारडम दिलाया हो, लेकिन यह ऐसी फिल्म नहीं है जिसमें उन्हें अपने अभिनय पर गर्व हो। हालांकि, अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत में खुलासा किया कि यह वह फिल्म है जिसे वह चाहती हैं कि उनकी बेटी राहा सबसे पहले देखे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब इंटरव्यू में आलिया से पूछा गया कि वह राहा को बड़ी होने पर कौन सी फिल्में दखाना चाहेंगी। आलिया ने अपनी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर को चुना। उनका मानना है कि इस फिल्म में काफी मनोरंजक गाने और डांस सीक्वेंस राहा के लिए एकदम सही होंगे। आलिया ने कहा, मैं चाहती हूं कि राहा स्टूडेंट ऑफ द ईयर फिल्म देखें क्योंकि यह सबसे कम उम्र की और सबसे ज्यादा मजेदार फिल्म है, जिसे कोई बच्चा देख सकता है। यह मेरी पहली फिल्म थी। हालांकि, मुझे इसमें अपने अभिनय पर बहुत गर्व नहीं है, लेकिन यह गानों से भरपूर है, और मुझे लगता है कि वह वाकई में इसका आनंद लेगी। जब उनसे पूछा गया कि वह राहा को रणबीर कपूर की कौन सी फिल्म दिखाना चाहेंगी, तो आलिया ने कहा, मैं चाहती हूं कि राहा अपने पापा रणबीर कपूर की फिल्म बर्फी देखें। मुझे लगता है कि यह बच्चों के लिए बहुत ही सही फिल्म है... हां, बर्फी एक अच्छा ऑप्शन है। आलिया ने 19 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी।

# अच्छा पिता बनने की कोशिश कर रहे हैं वरुण धवन, कहा-बेटी के साथ खेलना है पसंद



वरुण धवन जून 2024 में अपनी बेटी के जन्म के साथ पिता बनें। अभिनेता ने अपनी बेटी के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। हालांकि, एक साक्षात्कार में उन्होंने साझा किया कि एक पिता के रूप में वह अभी चीजों को समझ रहे हैं। अभिनेता ने बताया कि वह हर नए पिता की तरह अपनी बेटी के लिए जिम्मेदार बनने की कोशिश कर रहे हैं। बेटी के जन्म से पहले वरुण धवन को कई बार यह इच्छा जताते हुए सुना गया कि वह एक बेटी के पिता बनना चाहते हैं। उनका यह सपना 3 जून को पूरा हुआ। उन्होंने अपनी पत्नी नताशा दलाल के साथ एक बेटी का स्वागत किया। हालांकि, इस जोड़ी ने अभी तक अपनी बेटी के नाम की भी सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की है। हाल ही में एक साक्षात्कार में अभिनेता ने अपने पिता बनने के अपने अनुभव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं अभी भी यह समझ रहा हूं कि मुझे कितना जिम्मेदार होना चाहिए, या मैं अभी भी कितना बच्चा हो सकता हूं। मुझे लगता है कि पुरुषों को इससे गुजरना पड़ता है।' वरुण ने बताया कि उनकी पत्नी नताशा उनकी छोटी बेटी के लिए हर काम करती हैं और इसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है। अपने मजाकिया अंदाज में धवन ने बताया, 'शुरू में महिला ही व्यावहारिक रूप से हर काम करती है फिर पुरुष आता है और उपयोगी बन जाता है।' हालांकि, किसी भी अन्य पिता की तरह, अभिनेता को भी अपनी बेटी के साथ खेलना अच्छा लगता है। वरुण हर दिन एक पिता के रूप में बेहतर होने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

# करण जौहर पर तिलमिलाईं दिव्या खोसला



आलिया भट्ट की नई फिल्म जिगरा कई विवादों में फंस गई है। फिल्म को लेकर आलोचनाएं तब शुरू हुईं, जब निर्माता भूषण कुमार की पत्नी दिव्या खोसला ने दावा किया कि करण जौहर की फिल्म जिगरा का कंटेंट उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सावी से मिलता-जुलता है। जिगरा की रिलीज के बाद, दिव्या ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक खाली थिएटर की तस्वीर शेयर की और आलिया भट्ट पर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में हेराफेरी करने का आरोप लगाया। अब दिव्या ने करण जौहर को भी अपने निशाने पर लिया है और उन पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप भी लगाया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में दिव्या ने कहा, आज जब मैं बोलती हूं तो मिस्टर करण जौहर मुझे चुप कराने के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। क्या गलत पर आवाज उठाने करने पर किसी महिला को मूर्ख कहना सही है? उन्होंने आगे सवाल किया, अगर मेरे साथ ऐसा होता है, तो इंडस्ट्री में नए लोगों का क्या होगा? यहां कोई राजा नहीं है, और मेरे साथ किसी विषय की तरह व्यवहार नहीं किया जाएगा। उन्होंने करण जौहर की पीआर टीम पर उनके खिलाफ अपमानजनक लहजे में बात करने का आरोप लगाया। दिव्या ने दावा किया, मैं पहले से ही जानी जाती हूं। आलिया भट्ट के बारे में बात करते हुए दिव्या ने कहा, आलिया को इस तरह के हथकंडे अपनाने की जरूरत नहीं है। वह पहले से ही अच्छी तरह से इंडस्ट्री में अपनी जगह बना चुकी हैं। लेकिन बहादुरी गलत कामों के खिलाफ बोलने में है। दर्शकों को काबिलियत के आधार पर फैसला करने दें, पैसे और ताकत के दम पर नहीं। बॉक्स ऑफिस नंबरों में हेराफेरी के बारे में बात करते हुए दिव्या ने कहा, मैंने एक खाली थिएटर देखा, फिर भी जिगरा के शुरुआती आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए। इसमें सुधार की जरूरत है। उन्होंने सावी और जिगरा के एक जैसे कंटेंट होने का दावा भी किया। दिव्या ने कहा, दोनों फिल्मों की कहानी एक जैसी है, लेकिन मेरी फिल्म पहले प्रोडक्शन में आई। सावी का सह-निर्माण आलिया भट्ट के चाचा मुकेश भट्ट ने किया था।

### हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, काउंसलिंग के बाद प्रकरण दर्ज

# साढ़े तीन साल की बच्ची से ट्यूटर के बेटे ने की अश्लील हरकत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में ट्यूटर के बेटे द्वारा साढे तीन साल की बच्ची से अश्लील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। बच्ची से अश्लील हरकत की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने के सामने एकत्रित हो गए और प्रदर्शन किया। बाल कल्याण समिति के सामने बच्ची की काउंसलिंग कराने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली साढे तीन साल की बच्ची केजी वन में पढती है। उसकी मां घरों में काम करती है। परिजन बच्ची को शाम के समय मोहल्ले में रहने वाली एक महिला के घर ट्यूशन पढने के लिए भेजते हैं। ट्यूशन पढाने वाली महिला निजी स्कूल में टीचर है। मंगलवार की शाम को बच्ची ट्यूशन से घर पहुंची तो वह गुमशुम थी। मां ने उससे पूछताछ की तो उसने ट्यूशन टीचर के बेटे द्वारा गंदी हरकत करने की बात कही। बुधवार सुबह मां अपनी बच्ची को लेकर बागसेवनिया





थाने पहुंची और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बच्ची से पूछताछ की तो वह कुछ बता नहीं सकी। बच्ची को उसकी मां के साथ बाल कल्याण समिति के समक्ष भेजा गया। वहां समिति के अनुभवी सदस्यों ने बच्ची की काउंसलिंग की। काउंसलिंग में बेड टच की बात सामने आई है। काउंसलिंग के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। बच्ची के साथ बेड टच करने वाले बालिग है या फिर नाबालिग है। यह अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने आरोपी पक्ष से उसके दस्तावेज बुलाएं है।

#### थाने के सामने हंगामा

यह बात पता चलते ही अश्लील हरकत समुदाय विशेष के आरोपी द्वारा की गई है। बड़ी संख्या में हिंदू संगठन थाने के सामने एकत्रित हो गया। कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने प्रदर्शन करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए तब जाकर हिंदू संगठन का गुस्सा शांत हो सका।

### घुमाने के बहाने दलित युवती से दुष्कर्म, नाबालिग समेत 2 पर मामला दर्ज

बैरसिया थाना क्षेत्र में दलित युवती का अपहरण और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। कर दुष्कर्म करने और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले नाबालिग समेत 2 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार है, जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि इलाके में रहने वाली 18 वर्षीय दलित युवती तीन दिन पहले घर से बगैर बताए लापता हो गई थी। तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने जकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अगले दिन युवती अपने घर लौटी तो पुलिस ने उसे दस्तयाब करते हुए बयान दर्ज किये। युवती ने गांव के ही एक युवक रोहित द्वारा घूमाने के बहाने बुलाकर ले जाने और उसके नाबालिग दोस्त द्वारा दुष्कर्म करने की बात बताई। दरअसल तीनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। युवती की रोहित से दोस्ती थी। बीती तेरह अक्टूबर को रोहित ने युवती को मिलने के लिए बुलाया था। युवती पहुंची तो रोहित के साथ उसका दोस्त भी था। दोनों उसे घुमाने के बहाने अपने साथ ले गये और सुनसान इलाके में ले जाकर नाबालिग लड़के ने युवती से दुष्कर्म किया।

### खजूरी जोड़ पर हुआ हादसा

# लोडिंग गाड़ी ने बाइक सवार चौकीदार को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया जोड पर बुधवार शाम लोडिंग वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक एंबुलेंस इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मचूर्री में रखवा दिया है। गुरुवार को पीएम कराया जाएगा। पुलिस को टक्कर मारने वाले लोडिंग वाहन का नंबर मिल गया है।

नंबर के आधार पर आरोपी चालक तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार गांव कोलास कला, बिल्किंजगंज, जिला सीहोर निवासी मांगीलाल परमार खजूरी स्थित आकृति फार्म में चौकीदारी करते थे। बुधवार



शाम वह बाइक से अपने गांव कोलास कला जाने के लिए निकले। इस दौरान पिपलिया जोड़ पर उनकी बाइक को सामने से आ रहे लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी। सामने से टक्कर लगने के कारण मांगीलाल को गंभीर चोट आई थी। उन्हें एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है।

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर महिला से दुष्कर्म | बनाया अश्लील वीडियो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

महिला थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने खुद को पीडब्ल्यूडी का इंजीनियर बताया और शादी-शुदा महिला से दुष्कर्म करते हुए उसका वीडियो बना लिया। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर तीन साल से उसका दैहिक शोषण कर रहा था। पुलिस के अनुसार ऐशबाग निवासी 39 साल की महिला अपने नाबालिग बेटे के साथ रहती है और काम करती है। उसने पुलिस को बताया कि जनवरी 2020 में फेसबुक के माध्यम से उसकी पहचान चन्द्र कुमार ठकरेले से हुई। चेटिंग में उसने बताया कि वह टीला रोड कस्बा रेंज मुंगावली, अशोकनगर का है। चेटिंग के बाद दोनों में मोबाइल नंबर एक्सचेंज हो गए। दोनों की अब मोबाइल पर बातचीज होने लगी। ठकरेले ने उसे बताया था कि वह पीडब्ल्यूडी की शाखा पीआईयू बैरसिया में पदस्थ है। उसने 18 जुलाई 2020 को अपने जन्म दिन में महिला को कन्सलटेंशी ऑफिस बावड़िया कला बुलाया।

### अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज

# डंपर से बैटरी समेत कई दोपहिया वाहन चोरी



**भोपाल।** मिसरोद इलाके में एक डंपर से बैटरी चोरी हो गई। वहीं कई इलाकों से दोपहिया वाहन चोरी चले गए। पुलिस के मुताबिक सोहेब अहमद ने परमार पंप के पास अपना डंपर खड़ा किया था। रात के समय किसी ने डंपर की 20 हजार रुपये कीमत की बैटरी चोरी कर ली।

इसी प्रकार गोविंदपुरा मार्केट से बब्बन यादव, शिवनगर झुग्गीबस्ती पिपलानी से इंद्रजीत खाडे, रेतघाट तलैया स्थित जयश्री अस्पताल के पास से मोहम्मद शाकिर, गौरीशंकर परिसर कटारा हिल्स से जगदीश, सीहोर नाका कलारी बैरागढ से जसदीप सिंह और बैरसिया से हरिनारायण गुर्जर की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है।

### रापडिया के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापडिया गांव में बायपास पर गत 9 दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान एम्स में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अजय कुमार वीरेंद्र कुमार (32) बल्लभगढ, हरियाणा का था। वह एबी स्मार्ट सिटी में परिवार के साथ रहता था और बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में काम कर रहा था। गत 6 अक्टूबर की रात वह बाइक से बगरोदा से अपने घर एबी स्मार्ट सिटी आ रहा था।

### पैदल जा रही महिला को कार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में पैदल जा रही एक महिला को कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक रेणूबाई (42) मल्टी बाजपेयी नगर में रहती हैं और एमपी नगर स्थित एक कंपनी में काम करती हैं। मंगलवार की शाम करीब सा? पांच बजे वह भूत बंगले से टीबी अस्पताल के रास्ते पैदल अपने घर लौट रही थी। इसी बीच एक तेज रफ्तार कार चालक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक कुछ देर के लिए रुका और उसके बाद वाहन लेकर भाग निकला।

# एक महीने तक बंद रहेगी भोपाल टॉकीज से अल्पना तिराहा सड़क

**दस लाख आबादी को करना होगा मुशीबत का सामना, त्यौहार पर डायवर्जन से लगेगा जाम**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सड़क निर्माण के कारण भोपाल टॉकीज से अल्पना तिराहा जाने वाली सड़क को एक महीने के लिए बंद किया जा रहा है। योजना के अनुसार आज गुरुवार 17 अक्टूबर से 16 नवंबर तक इस सड़क को बंद किया गया है।

ऐसे में दस लाख की आबादी को सीधे परेशानी का सामना करना पढेगा। लोगों को अब महज पांच सौ मीटर की दूरी तय करने के लिए दो किमी का फेरा लगाकर जाना पढेगा। हालांकि अल्पना से नादरा और भोपाल टॉकीज जाने वाले वाहन यहां से आ और जा सकेंगे। पीडब्ल्यूडी अल्पना तिराहे से रॉयल मार्केट तक सीसी रोड का



फाइल फोटो

निर्माण कर रही है, जिसके लिए निजी कंपनी को ठेका दिया गया है। अल्पना तिराहे से भोपाल टॉकीज तक सीसी रोड की एक तरफ की लेन का निर्माण पूरा हो गया है, जबकि भोपाल टॉकीज से अल्पना की ओर जाने वाले वाहनों की लेन का निर्माण होना बाकी है। ऐसे में इस काम को निपटाने के लिए ट्रेफिक पुलिस ने एक महीने का डायवर्जन प्लॉन जारी किया है।

#### अल्पना के लिए सिंधी कॉलोनी से घूमकर जाएंगे वाहन

अल्पना तिराहे से भोपाल टॉकिज चौराहे की ओर जाने के लिए अल्पना तिराहे से हमीदिया रोड से सीधे आ सकेंगे। जिससे नादिरा बस स्टैंड और घोड़ा नक्कास जाने वाले वाहन जा सकेंगे। जबकि भोपाल टॉकीज से अल्पना आने वाले वाहन चालकों को सिंधी कॉलोनी, धर्मकांटा, सपना लॉज से हमीदिया समानांतर सड़क से होकर जाना पढेगा।

#### भोपाल टॉकीज सीधे जा सकेंगे वाहन

इधर अल्पना तिराहे से नादिरा बस स्टैंड होकर भोपाल टॉकीज जाने के लिए सिंगल लेन में वाहन चालक जा सकेंगे। दरअसल कंपनी ने एक साइट की सड़्क बना दी है। जबकि दूसरी साइट निर्माण के लिए यह डायवर्जन प्लॉन जारी किया गया है।

# जंगल में मिली नवजात बच्ची को डायल 100 ने पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद स्थित ग्राम बमोरा के जंगल बुधवार सुबह एक नवजात बच्ची मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची डायल 100 ने उसे तत्काल ही इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद बच्ची को कमला नेहरू अस्पताल के रेफर कर दिया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। डाक्टरों ने बच्ची को पूरी तरह से स्वस्थ बताया है। बच्ची की उम्र तीन से पांच दिन की हो सकती है।

थाना प्रभारी कृष्णा सिंह ठाकुर ने बताया कि बुधवार सुबह करीब सवा ग्यारह बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100 को सूचना मिली कि ग्राम बमोरा थाना

**अनुमान: तीन से पांच दिन पहले जन्मी थी बच्ची, डाक्टर ने स्वस्थ बताया**



नजीराबाद स्थित जंगल में एक नवजात बच्ची पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम ने नजीराबाद की एफआरवी पर तैनात आरक्षक मनोज धाकड़ और पायलेट प्रशांत पंथी को तत्काल मौके पर रवाना किया। थाना प्रभारी और अन्य स्टाफ भी मौके पर पहुंचा तो नवजात बच्ची एक शॉल में लिपटी हुई रोती मिली। पुलिसकर्मियों ने तत्काल ही बच्ची को अपने संरक्षण में लिया और एंबुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल लेकर पहुंचे।

### बाइक की टक्कर से दो भाई गंभीर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद इलाके में एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मोटर सायकिल पर सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक छोटेलाल अहिरवार (34) ग्राम आंकिया थाना नजीराबाद में रहता है और मजदूरी करता है। दो दिन पहले वह अपने बढे भाई रामसिंह अहिरवार (40) के साथ मोटर सायकिल से आंकिया से बैरसिया जा रहा था। दोपहर करीब तीन बजे ग्राम रुनाहा मेन रोड स्थित आइडियल स्कूल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी मोटर सायकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों भाई बाइक समेत सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बयान लेने के बाद टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है।




**मेट्रो एंकर** | यात्रियों के पर्स, नगदी, मोबाइल समेत अन्य सामान छीनकर भाग रहे चोर

# धीमी चलने वाली ट्रेनों में बढ़ रही लूट की वारदात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में लगातार चोरी और लूट की वारदात बढ रही है। खासकर निशातपुरा आउटर से गुजर रही ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों पर लुटेरों की नजर आई। आउटर पर ट्रेन के रुकने पर या फिर धीमी होने पर बदमाश ट्रेन में चढ जाते हैं और यात्रियों के पर्स, नगदी, मोबाइल समेत अन्य सामान छीनकर भाग रहे हैं। थाना जीआरपी में मंगलवार को झपटमारी के दो प्रकरण दर्ज हुए हैं, जबकि चोरी के 9 प्रकरण एक ही दिन में जीआरपी भोपाल में दर्ज हुए हैं।

**जेब में रखे 13 हजार छीनकर भागा लुटेरा:** जानकारी के अनुसार ग्यारसपुर विदिशा निवासी लीलाधर उर्फ ओमप्रकाश (22) विगत 15 अक्टूबर को भोपाल बीना एक्सप्रेस से भोपाल से विदिशा की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के



दौरान ट्रेन रेलवे स्टेशन दीवानगंज से चलते ही 25-30 साल का एक लडका ट्रेन में चडा और लीलाधर की शर्ट की जेब में रखे 13 हजार रुपए झपट्टा मारकर निकाल लिए। गति धीमी होने की वजह से चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। फरियादी ने थाना जीआरपी विदिशा में शून्य पर प्रकरण दर्ज कराया था। वहां से डायरी थाना जीआरपी भोपाल भेजी गई है।

#### मोबाइल झपटकर भागा लुटेरा

भोपाल निवासी सतपाल सिंह मंगलवार 15 अक्टूबर को भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन के कोच एस-1 की बर्थ क्रमांक- 79 पर इटारसी से रानी कमलापति स्टेशन की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रेलवे स्टेशन रानी कमलापति के आउटर पर ट्रेन खड़ी होने पर वह अपनी बर्थ पर बैठकर मोबाइल से किसी से बात करने लगे। कुछ देर बाद ट्रेन चलने लगी। उसी दौरान करीब 20 साल की उम्र का एक लडका सतपाल सिंह के हाथ से मोबाइल झपटकर भाग गया। फरियादी ने उसका पीछा करना चाहा लेकिन वो लडका चलती ट्रेन से कूदकर अंधेरे में कहीं भाग निकला। लूटे गए मोबाइल की कीमत 26 हजार रुपए बताई गई है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022